दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 04
अंकः-203
मुरादाबाद
(Thursday)
14 November 2024
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## ड्रम और नगाड़ों के शोर में गूंजा ये नारा, पहली बार एक साथ दो परीक्षाओं के लिए संघर्ष

प्रयागराज में धरना स्थल पर मंगलवार को ड्रम और नगाड़ों के शोर में यह नारा गूंजता रहा- जुड़ेंगे और जीतेंगे भी। अभ्यर्थियों ने नॉर्मलाइजेशन के खिलाफ आयोग पर तंज कसते हुए पोस्टर के जरिये पदों की रेट लिस्ट भी जारी की।उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अभ्यर्थियों का उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (UPPSC) कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन जारी है। अभ्यर्थियों के धरने को आज तीसरे दिन है। वे मांग कर रहे हैं कि पीसीएस और आरओ/एआरओ परीक्षाएं एक दिन और एक शिफ्ट में आयोजित



की जाएं। रैपिड एक्शन फोर्स (क्स्न) और पुलिस के जवान मौके पर मौजूद हैं। इससे पहले, प्रयागराज में धरना स्थल पर मंगलवार को ड्रम और नगाड़ों के शोर में यह नारा गूंजता रहा- जुड़ेंगे और जीतेंगे भी। अभ्यर्थियों ने नॉर्मलाइजेशन के खिलाफ आयोग पर तंज कसते हुए पोस्टर के जरिये पदों की रेट लिस्ट भी जारी की।

मान-मनौव्वल का दौर दिनभर चला इससे पूर्व मंगलवार सुबह पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा अभ्यर्थियों के बीच पहुंचे और उन्होंने अभ्यर्थियों से कहा कि वह भी कभी प्रतियोगी छात्र रहे हैं। नियम कानून से ऊपर कोई नहीं। उन्होंने अभ्यर्थियों को सलाह दी कि आयोग के सामने से उठें और उनके साथ सिविल लाइंस स्थित धरना स्थल पर चलें, क्योंकि इससे रास्ता बंद हो गया है और आम लोगों को दिक्कत तो रही है।%न तो सोएंगे और न ही सोने देंगे%- कमिश्नर ने कहा कि धरना स्थल पर अभ्यर्थियों के लिए उचित व्यवस्था की जाएगी। हालांकि, अभ्यर्थी भड़क गए और कहा कि अब वे कहीं नहीं जाएंगे। धरना स्थल पर सुबह 11 बजे तक फिर से हजारों की संख्या में अभ्यर्थी पहुंचे। अभ्यर्थियों को अलग-अलग जत्था अपने-अपने अंदाज में पहुंचा। कोई ढोल नगाड़ों के साथ नाचते-गाते पहुंचा तो किसी सांकेतिक रूप से शवयात्रा लेकर पहुंचा। आयोग के सामने दिनभर ढोल और नगाड़ों का शोर रहा। अभ्यर्थियों ने कहा कि न तो सोएंगे और न ही सोने देंगे।कई अभ्यर्थियों के हाथ में पोस्टर नजर आए, जिस पर लिखा था, %पहले आओ पहले पाओ। यदि नॉर्मलाइजेशन लागू है तो रेट लिस्ट- एसडीएम 70 लाख, डिप्टी एसपी 65 लाख, एआरटीओ 60 लाख, बीएसए 55 लाख, पीसीएस जे 70 लाख। यूपीआई व ऑनलाइन पेमेंट स्वीकार। इसी तरह आयोग के गेट नंबर-2 के सामने सड़क पर लिखा गया, हम छात्रों की एक ही इच्छा, एक पाली में हो परीक्षा।प्रतियोगी छात्र आज काला दिवस मना रहे हैं। भ्रष्टाचार मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष कौशल सिंह का कहना है कि प्रतियोगी छात्र 13 नवंबर को काला कपड़ा पहनकर अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। साथ ही अपने-अपने सोशल मीडिया अकाउंट को भी काले रंगे में प्रदर्शित कर दिया है।प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति के मीडिया प्रभारी प्रशांत पांडेय ने आरोप लगाया है कि आंदोलन के मद्देनजर पुलिस ने उनके परिवार वालों को धमकाया है। प्रशांत का कहना है कि एलआईयू वाले उन्हें लगातार फोन कर रहे हैं और उनके फोन नंबर के माध्यम से प्रशांत के पैतृक आवास का पता लगाया। आरोप है कि गोपीगंज थाने की पुलिस ज्ञानपुर स्थित प्रशासन के आवास पर पहुंची और उनके 70 वर्षीय पिता व बड़े भाई को धमकाया कि प्रशांत को समझा लें, वह आंदोलन में शामिल न हों। प्रशांत का कहना है कि वह आंदोलन में सीधे शामिल नहीं हैं लेकिन उनका समर्थन है। सरकारी सेवा से रिटायर उनके पिता ब्लड प्रेशर के मरीज हैं। प्रशांत 15 साल पहले प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रयागराज आए थे। तब से घर बहुत कम जाना होता है। अगर पुलिस को कोई बात करनी थी तो सीधे उनसे संपर्क करते। परिवारों का उत्पीड़न क्यों किया जा रहा है। वहीं, समिति के अध्यक्ष अवनीश पांडेय का कहना है कि अगर पुलिस ने अपना रवैया नहीं सुधार को वह पुलिस कप्तान के खिलाफ कार्रवाई के लिए न्यायालय की शरण में जाएंगे। पुलिस को कोई अधिकार नहीं कि शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलनरत किसी भी छात्र या उसके परिवारवालों को प्रताड़ित किया जाए।उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) के इतिहास में पहली बार एक साथ दो परीक्षाओं के लिए आंदोलन हो रहा है। अभ्यर्थियों ने पीसीएस व आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा दो दिन कराने और नॉर्मलाइजेशन लागू करने के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। 22 व 23 दिसंबर को प्रस्तावित आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा-2023 से जहां 1076004 अभ्यर्थी जुड़े हैं, वहीं सात व आठ दिसंबर को प्रस्तावित पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा-2024 के लिए 576154 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं। इनमें कई ऐसे अभ्यर्थी हैं, जिन्होंने दोनों परीक्षा के लिए आवेदन किए हैं। इन दोनों परीक्षाओं के अभ्यर्थी अब एकजुट हो चुके हैं, क्योंकि कोई अभ्यर्थी नहीं चाहता कि परीक्षा दो दिन कराई जाए और नॉर्मलाइजेशन लागू हो।यही वजह है कि आयोग पर इकट्ठा अभ्यर्थियों के संख्या बल के आगे फोर्स को भी पीछे हटना पड़ा है। अभ्यर्थियों को यह आशंका है कि एक बार नॉर्मलाइजेशन लागू हो गया तो यह स्केलिंग प्रणाली की तरह अभ्यर्थियों के लिए नासूर बन जाएगा और इसकी आड़ में भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा। आंदोलन में अन्य परीक्षाओं के अभ्यर्थी भी शामिल हैं, क्योंकि किसी भी परीक्षा में अभ्यर्थियों की संख्या पांच लाख से अधिक होने पर नॉर्मलाइजेशन लागू करने की स्थिति आ जाएगी। पीसीएस परीक्षा में तो दिल्ली, एमपी, राजस्थान, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार से भी बड़ी संख्या में अभ्यर्थी शामिल होते हैं। ऐसे में दूसरे राज्यों से भी आंदोलन में शामिल होने के लिए छात्र यहां पहुंचे हैं। इसी वजह से आंदोलन ने व्यापक रूप ले लिया है और पहली आयोग के इतिहास में पहली बार एक साथ एक से अधिक परीक्षाओं को लेकर आंदोलन हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस से बागी व निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा ने जड़ा स्षठरू को थप्पड़; वोटिंग के बीच हंगामा

मतदान केंद्र पर नोंकझोंक के बाद नरेश मीणा ने एसडीएम अमित चौधरी को थप्पड़ मारा। उन्होंने आरोप लगाया था कि ईवीएम में उनका सिंबल हल्का नजर आ रहा है। राजस्थान में टोंक जिले की देवली उनियारा सीट पर हो रहे उपचुनाव से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। यहां से चुनाव लड़ रहे निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा ने तैश में आकर मालपुरा एसडीएम अमित चौधरी को थप्पड़ जड़ दिया। इससे वहां माहौल बिगड़ गया। इस घटना के बाद वहां हंगामा हो गया। यहां निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा और एसडीएम में ग्रामीणों की मांग को लेकर झड़प हो गई थी। उसके बाद नरेश मीणा ने अपना आपा खो दिया और एसडीएम को थप्पड़ दे मारा। जानकारी के अनुसार देवली उनियारा विधानसभा क्षेत्र की कचरावता ग्राम पंचायत के समरावत गांव के ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार कर रखा था। ग्रामीणों का कहना था कि उनका गांव पहले उनियारा उपखंड में था, लेकिन बाद में पिछली सरकार ने उनके गांव को उनियारा से हटाकर देवली में उपखंड में शामिल कर दिया था। इससे वे नाखुश हैं। ग्रामीण लंबे समय से मांग कर रहे थे कि उनके गांव को वापस उनियारा में शामिल किया जाए। सफाई में क्या कुछ कहा- नरेश मीणा ने थप्पड़ वाली घटना के ऊपर अपना स्पष्टीकरण देते हुए कारण बताया है नरेश मीणा ने कहा पिछले 4 घंटे से धरना दे रहे हैं। गांव वालों की मांग है कि जो देवली को उपखंड में जोड़ा गया है, उसको वापस उनियारा उपखंड में जोड़ दिया जाए

## बुलडोजर एक्शन पर 'सुप्रीम' फैसलाः मायावती बोलीं- खत्म होगा आतंक, सांसद चंद्रशेखर बोले- ये यूपी सरकार को तमाचा

सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ बुलडोजर एक्शन पर कहा कि बिना प्रक्रिया आरोपियों का घर तोड़ना असंवैधानिक है। कोर्ट के फैसले पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने बयान दिया है।आरोपियों के खिलाफ राज्य सरकारों बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट के दिए गए निर्णय का बसपा सुप्रीमो



मायावती ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि इससे बुलडोजर का छाया आतंक अब खत्म होगा। उन्होंने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि माननीय सुप्रीम कोर्ट के बुलडोजर विध्वंसों से जुड़े आज के फैसले व इससे संबंधित कड़े दिशा-निर्देशों के बाद यह उम्मीद की जानी चाहिए कि यूपी व अन्य राज्य सरकारें जनहित व जनकल्याण का सही व सुचारू रूप से प्रबंधन करेंगी और बुलडोजर का छाया आतंक अब जरूर समाप्त होगा। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ बुलडोजर एक्शन पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि कार्यपालिका न्यायाधीश नहीं बन सकती है। बिना प्रक्रिया आरोपी का घर तोड़ना असंवैधानिक है। यहां तक कि दोषी पाए जाने पर भी सजा के तौर पर उनकी संपत्ति नष्ट नहीं की जा सकती है। सुनवाई से पहले आरोपी को दंडित नहीं किया जा सकता है। अधिकारियों द्वारा पद का दुरुपयोग करने पर उन्हें दंडित किया जाएगा और घर तोड़ने पर संतुष्ट करना होगा कि यही एकमात्र न्याय का मार्ग है। ये प्रदेश सरकार को तमाचा- आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष व सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि ये भाजपा की उत्तर प्रदेश की सरकार को जोरदार तमाचा है कि बिना दोषी सिद्ध हुए या कोर्ट के निर्णय के आप किसी का घर नहीं गिरा सकते हैं... मैं इसके लिए सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद करता हूं।

## दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरः टॉप-2 में भारत-पाकिस्तान के जिले, जानें और कहां-कहां जहरीली हुई हवा

दुनिया भर के शहरों में लोगों को वायु प्रदूषण की वजह से सांस लेने में तकलीफ का सामना कर रहा है। दुनिया के सबसे प्रदूषित 121 देशों की सूची में भारत के तीन शहर हैं। जबकि पाकिस्तान के दो। आइए जानते हैं किन शहरों की हवा जहरीली है। भारत समेत दुनिया के अलग-अलग शहरों में लोगों को वायु प्रदूषण की वजह से सांस लेने में तकलीफ का सामना कर रहा है। दुनिया के सबसे प्रदूषित 121 देशों की सूची में भारत के तीन शहर हैं। इसमें राजधानी दिल्ली, कोलकाता और मुंबई है। स्विस फर्म आईक्यूएयर की लाइव रैंकिंग में 13 नवंबर को राजधानी दिल्ली पहले नंबर पर है। आईक्यूएयर की लाइव रैंकिंग देखने से पता चलता है कि 515 एक्यूआई के साथ दिल्ली पूरी दुनिया में सबसे प्रदूषित शहर है। हालांकि, भारत में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। पहाड़ी इलाकों में हुई बर्फबारी के बाद मैदानी इलाकों में भी तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। कितना खराब एक्यूआई का स्तर?- आमतौर पर प्रदूषण का स्तर एयर क्वालिटी इंडेक्स या एक्यूआई के रूप में मापा जाता है। विदेशी मानकों के अनुसार 200 से अधिक एक्यूआई बहुत खराब स्तर का माना जाता है और 300 का स्तर गंभीर रूप से खराब स्थिति को दर्शाता है। अगर 0-50 के बीच में एक्यूआई का स्तर रहता है तो इसे अच्छा माना



जाता है। 51-100 पाया गया तो मध्यम और 101-150 के बीच मिला तो संवेदनशील समूहों के लिए खराब हवा मानी जाती है। वहीं, 151 से 200 अगर एयर क्वालिटी इंडेक्स मिला तो ये खतरनाक होता है। इसके अलावा, 201-300 पाए जाने पर बहुत खतरनाक और अगर प्रदूषण स्तर 301 से अधिक पाया गया तो यह बहुत-बहुत खतरनाक है। भारत के इन शहरों की हवा भी खतरनाक -रैंकिंग में 10वें स्थान पर 158 एक्यूआई के साथ मुंबई शहर है। उसके बाद कोलकाता का नंबर आता है, जहां एक्यूआई 136 रिकॉर्ड किया गया।

आईक्यूएयर की लाइव रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पाकिस्तान का शहर लाहौर है। यहां का एक्यूआई 432 है। वहीं, पड़ोसी देश का कराची शहर भी इस सूची का हिस्सा बना है। उसे 147 एक्यूआई के साथ 14वें नंबर पर रखा गया है। तीसरे नंबर पर कौन से देश का शहर?- प्रदूषित शहरों में कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य के किंशासा को तीसरे नंबर पर रखा गया है। यहां का एक्यूआई 193 दर्ज किया गया है। वहीं, मिस्त्र के काहिरा को 184 की एक्यूआई के साथ चौथा स्थान मिला है। वहीं, आईक्यूएयर की वर्ल्ड लाइव रैंकिंग में पांचवें स्थान पर वियतनाम की राजधानी हनोई है। यहां का एक्यूआई लेवल 168 है। रैंकिंग में छठवें स्थान पर कतर देश का दोहा शहर है। यहां का एक्यूआई लेवल 166 है। इसके अलावा, सातवें नंबर पर सउदी अरब के रियाद को रखा गया है। इन पर भी एक नजर- इंडेक्स में आठवें स्थान पर नेपाल की राजधान काठमांडू है, जहां का एक्यूआई लेवल 160 है। नौवें स्थान पर मंगोलिया का उल्लानबटार है। उल्लानबटार में बुधवार को एक्यूआई 158 है। बांग्लादेश की बात करें तो उसकी राजधानी ढाका को 17वें नंबर पर रखा है। यहां का एक्यूआई 122 है। चीन के सात शहरों की हवा काफी खराब पाई गई है।

## बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट: दिशानिर्देशों का पालन किए बिना तोड़फोड़ नहीं होगी, 15 दिन पहले देना होगा नोटिस

बुलडोजर एक्शन पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए शीर्ष कोर्ट ने कहा कि कानून का शासन यह सुनिश्चित करता है कि लोगों को यह पता हो कि उनकी संपत्ति को बिना किसी उचित कारण के नहीं छीना जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ बुलडोजर एक्शन पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए बुधवार को कहा कि उसने संविधान में दिए गए उन अधिकारों को ध्यान में रखा है, जो राज्य की मनमानी कार्रवाई से लोगों को सुरक्षा प्रदान करते हैं। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि कानून का शासन यह सुनिश्चित करता है कि लोगों को यह पता हो कि उनकी संपत्ति को बिना किसी उचित कारण के नहीं छीना जा सकता। कोर्ट ने यह भी कहा कि उसने शक्ति के विभाजन पर विचार किया है और यह समझा है कि कार्यपालिका और न्यायपालिका अपने-अपने कार्यक्षेत्र में कैसे काम करती हैं। न्यायिक कार्यों को न्यायपालिका को सौंपा गया है



और न्यायपालिका की जगह पर कार्यपालिका को यह काम नहीं करना चाहिए। कोर्ट ने आगे कहा, अगर कार्यपालिका किसी व्यक्ति का घर केवल इस वजह से तोड़ती है कि वह आरोपी है, तो यह शक्ति के विभाजन के सिद्धांत का उल्लंघन है। कोर्ट ने कहा कि जो सरकारी अधिकारी कानून को अपने हाथ में लेकर इस तरह के अत्याचार करते हैं, उन्हें जवाबदेही के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। %किसी निर्दोष को घर से वंचित करना पूरी तरह असंवैधानिक%- सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कार्यपालिका (सरकारी अधिकारी) किसी व्यक्ति को दोषी नहीं ठहरा सकती और न ही वह जज बन सकती है, जो किसी आरोपी की संपत्ति तोड़ने पर फैसला करे। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर किसी व्यक्ति को अपराध का दोषी ठहराने के बाद उसके घर को तोड़ा जाता है

## संपादकीय Editorial

# Not one, but safe

The BJP has published an advertisement in newspapers of Maharashtra - Ek Hain, Toh Safe Hain. 46 caps and turbans have been printed in the word 'Ek' of the advertisement. They represent different sections of Maharashtra, but one cap is missing. Of course, that cap belongs to a Muslim, who often votes against Prime Minister Modi and the BJP. From here it becomes clear why UP Chief Minister Yogi Adityanath had raised the slogan 'Bantenge, Toh Katenge'? On the same lines, why is Prime Minister Modi raising this slogan during the election campaign - 'Ek Hain, Toh Safe Hain'. The meaning of both is the same. The Prime Minister has linked his slogan to a conspiracy and is constantly accusing the Congress of dividing the society. Prime Minister Modi has taken an oath on the Constitution that he is the Prime Minister of the entire country. He is not only the Prime Minister of BJP-NDA, but also the Prime Minister of the entire opposition. It is also clear from the advertisement and election campaign that the BJP is talking about Hindus and Muslims. It is surprising that the 80% majority of the country is feeling scared and insecure as compared to the 15% minority. Prime Minister Modi, Chief Minister Yogi Adityanath and the BJP's campaigning leaders want to mobilize the majority Hindus by constantly raising these slogans. This is an electoral goal. This is not the national, social, caste concern of the Prime Minister or senior leaders. India with a population of about 145 crores cannot be 'one'. Diversity is the beauty of India. The culture of North, South, Northeast India, their customs, their languages-dialects, races, castes-subcastes and religious beliefs are completely different. Despite the Prime Minister's call, they cannot be 'one', but on the question of India's sovereignty, unity, integrity, they are all 'one', 'Indians'. Why should the Prime Minister worry? For the last 77 years, India has been 'one', a lot is different. There are assembly elections in Maharashtra and Jharkhand. By-elections are also being held in many states including UP. On one hand, Muslim Ulama and Maulanas have held meetings and called for voting in favour of Mahavikas Aghadi. They have also put a condition of giving 10 percent reservation to Muslims in Maharashtra. In another meeting, a call has been made for 'Delhi March' on November 24 in protest against the 'Waqf Bill', especially for Muslim youth. The winter session of Parliament is starting from November 25. Delhi is the axis of central power. Such calls and protests can be done within the ambit of law. Muslim Maulanas have used objectionable words like 'Aukaat' and 'Rooh Kaamp Jayegi'. This shows social, communal separation. On the other hand, Hindutva has been the basic electoral ideology of Jan Sangh and BJP, but why has it been made an election issue at the level of the Prime Minister? If the country seems to be in a divisive state, then it is the first duty of the Prime Minister to correct it. Congress has also become aggressive and fierce on 'Bantenge' and 'Ek'. Congress President Mallikarjun Kharge has linked Yogi's slogan to 'terrorism' and has also questioned Yogi's saffron attire. In response to this, sadhus and saints have also become aggressive and have termed Kharge's statement as 'insult to Sanatan'. It is clear from the slogans of the Prime Minister and Yogi that the existence of Hindus in the country is in danger. BJP has been raising this issue since its inception. In some parts of the country, the Muslim population has exceeded the Hindu population or this was the equation earlier. The slogan cannot be given on that basis alone - 'Ek Hain, Toh Safe Hain'. RSS has also been raising the issue of Bangladeshi infiltrators for a long time. For more than 10 years.

# If there is noise about the problem, there should be a solution too, when will the infiltration from Bangladesh be stopped

It is difficult to say how many Bangladeshi and Rohingya infiltrators are there in the country but it is certain that they are in a fair number. The question is why their infiltration is not stopping and why is there no success in driving them out? It is not enough that Bangladeshi infiltrators are made an election issue. This issue should also be resolved and that too on priority basis. Whenever elections are held in Tripura, Assam and Bengal, the issue of Bangladeshi infiltrators is definitely raised along with many other issues. This time it is happening in Jharkhand as well. Infiltration from Bangladesh has become a big issue in the assembly elections. While the BJP is trying to emphasize that the Bangladeshis coming from Bangladesh via Bengal are not only changing the demography of Jharkhand, but are also marrying tribal girls and usurping their land, if the ruling Jharkhand Mukti Morcha is to be believed, whatever the BJP is saying is not correct. JMM leaders say that if infiltration is taking place from Bangladesh, then the central government is responsible, because the security of the border is on its shoulders. It is not known whose words the people of Jharkhand will give importance to in the elections, but it cannot be ignored that the issue of Bangladeshi infiltrators has reached the Supreme Court. Two years ago, in a PIL filed by Syed Daniyal Danish of Jamshedpur in the Jharkhand High Court, it was said that the tribal population is decreasing in Sahibganj, Pakur, Godda, Dumka, Jamtara etc. districts, because Bangladeshi infiltrators are being settled on tribal land. In fact, whatever the BJP is saying about Bangladeshi infiltrators is broadly the same as mentioned in Danish's petition. While hearing this petition, the Jharkhand High Court ordered in September that a fact-finding committee of central and state officials be formed to trace the Bangladeshi infiltrators. The Jharkhand government initially agreed to this, but then backed out and went to the Supreme Court against the High Court order. Recently, the Supreme Court has asked the Central Government to present its side. It is not known what conclusion the Supreme Court will reach, but it is a fact that infiltration takes place from Bangladesh. If Bangladeshis who entered through Bengal have settled in Jharkhand, then it is not surprising. Anyway, it is true that the demography has changed in the tribal-dominated areas of Jharkhand. It has also changed in Assam, Tripura and Bengal and now, according to the report of Tata Institute of Social Sciences, the population balance is getting disturbed in Mumbai also due to Bangladeshis and Rohingyas. According to this report, if the situation remains the same, then by 2051, the Hindu population in Mumbai will decrease to less than 54 percent and the Muslim population will become 30 percent due to Bangladeshi infiltrators and Rohingyas. According to this report, in 2011, the population of Hindus in Mumbai was 66 percent and that of Muslims was 21 percent. It has been clearly stated in this report that some political organizations are using illegal immigrants for vote bank politics. Due to elections, BJP has started mentioning this report loudly, but is this enough? Infiltration from Bangladesh has been taking place in India since the time it was East Pakistan. Even after East Pakistan became Bangladesh in 1971, infiltration from there continued and is still taking place. Bangladeshi infiltrators who have come to India illegally through Bengal, Assam, Tripura are caught in different parts of the country every day. Some time ago, 21 Bangladeshi infiltrators were arrested in Pune. They also had fake Aadhaar, PAN and voter ID. Similarly, about 50 Bangladeshis were arrested in Ahmedabad recently. Many of them had fake identity cards. There is no need to be surprised at how Bangladeshis entering India are reaching Pune and Ahmedabad, because Rohingyas have made their bases in Delhi, Jammu and Hyderabad by entering the borders of the North-Eastern states. It is difficult to say how many Bangladeshi and Rohingya infiltrators are there in the country, but it is certain that they are in a fair number. The question is why their infiltration is not stopping and why is there no success in expelling them? It is not enough to make Bangladeshi infiltrators an election issue. This issue should also be resolved and that too on priority basis. BJP keeps accusing the Chief Ministers of Bengal and Jharkhand that they are lenient towards Bangladeshi infiltrators and are waiting to make them their vote bank. Similar allegations are made about Rohingyas too. There are enough reasons to conclude that Bangladeshis and Rohingyas are being made Indian citizens in a planned manner by infiltrating them, but there is also merit in this question that what is the central government doing to stop infiltration? Along with the security of the borders, it is its job to identify the infiltrators and expel them. In the last ten years, from the Home Minister to the Prime Minister, the issue of Bangladeshi and Rohingya infiltrators has been raised many times, but the result in stopping their infiltration and expelling them is the same. Infiltration is a treasonous problem. It is more important to find a solution to this problem than to make noise about it. Infiltrators, that is, illegal immigrants, are from the Western world. They have become a big issue in other countries too, but they are serious about stopping their influx and driving them out. Unfortunately in our country intruders are limited to only election issues.

# Helpless municipal bodies, how will the work be done properly?

After all, how will the municipal bodies be able to do their work properly in the absence of necessary powers? It seems that the state governments are not ready to understand the basic fact that urban bodies are in a way the third unit of governance and it is necessary for them to be empowered. Undoubtedly, along with empowering them, it is also necessary to make them accountable for their work. It is not surprising that the Comptroller and Auditor General (CAG) found that most of the municipal bodies in the country are neither able to raise funds from their own sources nor are able to fully utilize the money received through allocation. It is clear that in such a situation, the hope of improvement in the condition of cities is not going to be fulfilled. The CAG report also shows that the state governments are not ready to give the desired powers to their municipal bodies. They are also not paying attention to the fact that the municipal bodies are facing a shortage of employees. It is strange that the state governments, which keep accusing the Centre of not allowing them to work with complete independence by citing the federal structure, are not ready to give their municipal bodies the necessary powers given to them under the 74th Constitutional Amendment Act. After all, how will the municipal bodies be able to do their work properly in the absence of necessary rights? It seems that the state governments are not ready to understand this basic thing that urban bodies are in a way the third unit of governance and it is necessary for them to be empowered. Undoubtedly, along with empowering them, it is also necessary to make them accountable for their work. It is not right that the state governments are not doing any of these things. It would be appropriate that the central government, through the Union Territories, presents an example to the states as to what rights the urban bodies should be equipped with, how they should do their work and how they should make themselves financially capable? It should be understood that the condition of the cities cannot improve until the municipal bodies become administratively and financially capable and are not able to make such plans for the development of the cities, which will meet the long-term and future needs. Since most urban development plans generally seem to provide immediate solutions to problems, various problems always crop up in cities despite all the development work. Is it hidden from anyone how newly constructed roads, flyovers, bypasses etc. start proving inadequate after some time? I don't know why even today urban plans are not made keeping in mind what the population will be after 50-60 years from today and what kind of infrastructure will be required for it? Sometimes it seems that no one thinks about whether the infrastructure being built today will be able to face the challenges of the future or not? This is the situation when the population of all the small and big cities of the country is increasing.They are also not paying attention to the fact that the municipal bodies are facing a shortage of employees. It is strange that the state governments, which keep accusing the Centre of not allowing them to work with complete independence by citing the federal structure, are not ready to give their municipal bodies the necessary powers given to them under the 74th Constitutional Amendment Act. After all, how will the municipal bodies be able to do their work properly in the absence of necessary rights? It seems that the state governments are not ready to understand this basic thing that urban bodies are in a way the third unit of governance and it is necessary for them to be empowered. Undoubtedly, along with empowering them, it is also necessary to make them accountable for their work. It is not right that the state governments are not doing any of these things. It would be appropriate that the central government, through the Union Territories, presents an example to the states as to what rights the urban bodies should be equipped with, how they should do their work and how they should make themselves financially capable? It should be understood that the condition of the cities cannot improve until the municipal bodies become administratively and financially capable and are not able to make such plans for the development of the cities, which will meet the long-term and future needs. Since most urban development plans generally seem to provide immediate solutions to problems, various problems always crop up in cities despite all the development work. Is it hidden from anyone how newly constructed roads, flyovers, bypasses etc. start proving inadequate after some time? I don't know why even today urban plans are not made keeping in mind what the population will be after 50-60 years from today and what kind of infrastructure will be required for it? Sometimes it seems that no one thinks about whether the infrastructure being built today will be able to face the challenges of the future or not? This is the situation when the population of all the small and big cities of the country is increasing.They are also not paying attention to the fact that the municipal bodies are facing a shortage of employees. It is strange that the state governments, which keep accusing the Centre of not allowing them to work with complete independence by citing the federal structure, are not ready to give their municipal bodies the necessary powers given to them under the 74th Constitutional Amendment Act. After all, how will the municipal bodies be able to do their work properly in the absence of necessary rights?

# रोने की आवाज सुन ठहरे लोग: गन्ने के खेत में मिला नवजात, दंपती ने अस्पताल पहुंचाया, तीन बहनें बोलीं- मिला भाई


मुरादाबाद के बिलारी में गन्ने के खेत में पॉलिथीन में लिपटा नवजात मिला। उसे एक दंपती ने उठाकर अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस नवजात को छोड़ने वाले व्यक्ति की पहचान के लिए जांच कर रही



है। बिलारी क्षेत्र के बिचौला गांव में गन्ने के खेत में पॉलिथीन में लिपटा नवजात मिला। उसे एक दंपती उठाकर घर ले गया और इलाज के लिए राजकीय महिला अस्पताल में भर्ती कराया। नवजात का मिलना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। मंगलवार दोपहर कुछ लोग नवजात को पॉलिथीन में लपेटकर गन्ने की खेत में डालकर चले गए। अन्य राहगीरों ने जब खेत से छोटे बच्चे के रोने की आवाज सुनी तब ग्रामीण एकत्र हो गए। इस दौरान मोहल्ले का ही राजाराम सागर अपनी पत्नी रीनू सिंह के साथ मौके पर पहुंचा और नवजात को उठाकर अपने घर ले आया। राजाराम ने गांव में रहने वाली एक प्राइवेट दाई को बुलाकर नवजात का नाल कटवाया।जब दंपती को पता चला कि नवजात लड़का है तब उनकी खुशी का ठिकाना न रहा। राजाराम और रीनू नवजात को तत्काल उपचार के लिए राजकीय महिला अस्पताल बिलारी लेकर गए और उपचार के लिए भर्ती करा दिया। यहां महिला चिकित्साधिकारी द्वारा नवजात को टीके लगाने के अलावा दो घंटे तक मशीन में भी रखा। नवजात को देखने से लग रहा है कि उसने मां के गर्भ में निर्धारित समय पूरा किया है। राजाराम की 15 साल पहले रीनू से शादी हुई है। राजाराम की तीन बेटियां अनन्या, प्रियांशु और तनु हैं। उनका कहना है कि उन्हें भाई मिल गया है। थाना बिलारी की महिला पुलिसकर्मियों ने राजकीय महिला अस्पताल पहुंचकर नवजात मिलने के मामले में जांच की। उन्होंने दंपती के बयान भी लिए। बिचौला गांव में नवजात के गन्ने के खेत में होने की जानकारी पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गया। बिचौला गांव में सड़क किनारे पॉलिथीन में लिपटा पड़ा मिला नवजात को कौन छोड़ गया इसकी जांच की जा रही है। पुलिस संबंधित सड़क से जुड़े रास्तों और दोनों ओर से आने के रास्तों पर लगे सीसीटीवी की फुटेज भी खंगाल रही है।

# बीएससी नर्सिंग के छात्र ने की आत्महत्या, कमरे में फंदे से लटका मिला शव

बरेली में दोस्त और भतीजे के साथ किराये के मकान में रहकर पढ़ाई करने वाले बीएससी नर्सिंग के छात्र ने आत्महत्या कर ली। उसने अपनी जान क्यों दी, इसका पता नहीं चल सका। पुलिस जांच कर रही है। बरेली के कैंट थाना क्षेत्र में बीएससी नर्सिंग के छात्र पुष्पेंद्र ने आत्महत्या कर ली। मंगलवार की रात उसका शव कमरे में फंदे से लटका लटका मिला। वह अपने दोस्त और भतीजे के साथ किराये के मकान में रहता था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने कमरे में छानबीन की, लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं



मिला। सूचना पर छात्र के परिजन भी बरेली आ गए। उनका रो-रोकर बुरा हाल था। छात्र पुष्पेंद्र ( 24 ) जिला संभल के जुनावई थाना क्षेत्र के गांव घोषली राजा का रहने वाला था। वह यहां निजी मेडिकल कॉलेज से नर्सिंग की पढ़ाई कर रहा था। पुष्पेंद्र अपने भतीजे देवेश और गांव निवासी दोस्त प्रवेश के साथ किराये के मकान में रहता था। देवेश डीफार्मा की पढ़ाई कर रहा है। तीनों एक साथ पढ़ाई भी साथ करते थे। दूसरे कमरे में जाकर लगाया फंदा - देवेश ने बताया कि घटना की रात तीनों ने साथ में पढ़ाई की। इसके बाद पुष्पेंद्र दूसरे कमरे में चला गया। कुछ देर बाद जब उसका भतीजा और दोस्त उसके कमरे में गए तो पुष्पेंद्र को फंदे पर लटका पाया। इसे देखकर वह घबरा गए। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# प्रेमिका की शादी में गिफ्ट देने पहुंचा प्रेमी, जयमाल के मंच पर की ऐसी हरकत, हो गया बवाल

पीलीभीत के पूरनपुर में मंगलवार को शादी समारोह में उस वक्त बवाल हो गया, जब दुल्हन का प्रेमी उसे गिफ्ट देने जयमाल के मंच पर पहुंचा। उसने दुल्हन के कान में कुछ कहा। यह देख दूल्हा भड़क गया। पीलीभीत के पूरनपुर क्षेत्र में सिरफिरे प्रेमी ने प्रेमिका की शादी तुड़वा दी। वह जयमाल के समय दुल्हन बनी प्रेमिका को गिफ्ट देने पहुंच गया, जिसका पता चलने पर शादी में बवाल हो गया। दूल्हा पक्ष ने दुल्हन के प्रेमी और उसके दोस्त को पकड़कर जमकर पीटा। इसके बाद पुलिस को सौंप दिया। दूल्हे ने जयमाल की रस्म के बाद शादी से इनकार कर दिया। अधिकांश बराती और घराती बगैर खाना खाए ही लौट गए। बुधवार को कोतवाली में घंटों पंचायत के बाद दुल्हन पक्ष ने खर्च हुई धनराशि वापस करने की शर्त रखी। धनराशि और सामान वापस होने पर दोनों पक्षों में समझौता हो गया। पूरनपुर क्षेत्र के युवक की शादी बरेली के आंवला निवासी युवती से तय हुई थी। मंगलवार को शादी समारोह के लिए लड़की पक्ष के लोग नगर के एक बरातघर में पहुंचे। शादी की रस्में शुरू हुईं। जयमाल की रस्म पूरी हो चुकी थी। आशीर्वाद देने का सिलसिला चल रहा था। इसी दौरान शाहजहांपुर के कटरा से दोस्त के साथ आए युवक ने स्टेज पर पहुंचकर दुल्हन को गिफ्ट दिया और झुककर उसके कान में कुछ कहा। यह देखकर दूल्हे को गलत लगा। प्रेमी को बताया बुआ का लड़का - दूल्हे ने दुल्हन से स्टेज पर ही नाराजगी व्यक्त की और गिफ्ट देने वाले युवक के बारे में पूछताछ शुरू कर दी। दुल्हन ने गिफ्ट देने वाले प्रेमी को पहले अपनी बुआ का बेटा बताया। मामला शांत भी नहीं हो पाया था। इस दौरान प्रेमी का दोस्त भी गिफ्ट लेकर स्टेज पर पहुंच गया। शक होने पर वर पक्ष के लोगों ने स्टेज पर ही उसकी पिटाई शुरू कर दी। युवक के दोस्त ने पूरी जानकारी दूल्हे पक्ष को दी। बाद में दूल्हा पक्ष के लोगों ने प्रेमी को भी परिसर में ही खोज लिया और जमकर धुनाई की। दोनों को पुलिस को सौंप दिया गया। दूल्हे ने शादी से किया इनकार- विवाद के बाद दूल्हे ने शादी से इनकार कर दिया। दोनों पक्षों में घंटों वार्ता होती रही। दूल्हा पक्ष के लोगों का कहना था कि गिफ्ट देने वाला युवक दुल्हन के साथ पढ़ाई करता था। उसका प्रेमी नहीं है। बुधवार को दूल्हा पक्ष के लोग कोतवाली पहुंचे। कोतवाली में भी दोनों पक्षों में घंटों पंचायत हुई। बाद में दुल्हन पक्ष ने खर्च हुई धनराशि और सामान वापस करने पर समझौता कर लिया। कोतवाल नरेश कुमार त्यागी ने बताया कि दोनों पक्ष में समझौता हो गया। दोनों ने एक दूसरे पर कार्रवाई से इनकार किया है।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मुरादाबाद के निर्देशन मे, पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान

क्यूँ न लिखूँ सच -यूसुफ

महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी व महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वीमेन पावर लाइन ( 1090 ) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा



( 112 ) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर ( 1076 ) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर ( 1098 ) 5. वन स्टाप सेन्टर ( 181 ) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर ( 1930 ) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर ( 102 ) 8. एम्बुलेन्स सेवा ( 108 ) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। मिशन-शक्ति-अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा पुलिस की पाठशाला/चौपाल लगाकर जागरूकता के क्रम में महिलाओं/छात्राओं को जागरुक किया गया।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मण्डल स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक सम्पन्न

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में मण्डल स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मण्डलायुक्त द्वारा अधीक्षण अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया कि मण्डल में सड़क मार्गों पर जगह-जगह पर रेत/बजरी आदि सामग्री डालकर बाधिक करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करें। मुरादाबाद शहर में गागन नदी के किनारे कूड़ा/कचरा जलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने हेतु मण्डलायुक्त ने प्रदूषण बोर्ड के अधिकारियों को निर्देशित किया। गांगन नदी के किनारे -किनारे वाले अवैध अतिक्रमण को चिन्हित कर कार्यवाही किए जाने के निर्देश सचिव मुरादाबाद विकास प्राधिकरण एवं अपर नगर आयुक्त मुरादाबाद शहर को दिये गये। शहर में अवैध भट्टियों के विरुद्ध कार्यवाही कर 15 दिन में अवगत कराने के निर्देश क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को दिये गये। बैठक में कमिश्नर द्वारा ई-वेस्ट रिसाइक्लिंग व



कलेक्शन की वार्ड बार या दो से तीन बार्ड में एक स्थान चुनकर साप्ताहिक डिस्पोजल कराए जाने की कार्ययोजना 15 दिवस में उपलब्ध कराए जाने के निर्देश अपर नगर आयुक्त, नगर निगम को दिये गये। मण्डलायुक्त द्वारा संयुक्त आयुक्त उद्योग को निर्देशित किया गया कि उद्योग बंधु की मासिक मण्डलीय बैठक में उद्योग से जुड़े ज्यादा से ज्यादा व्यक्तियों की उपस्थित उनसे वार्ता कर बढ़ायी जाये, जिससे उद्योग से जुड़े व्यक्तियों की ज्यादा से ज्यादा समस्याओं का निस्तारण कराया जा सके। बैठक में सचिव मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, अपर नगर आयुक्त, संयुक्त आयुक्त उद्योग, अधीक्षण अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, परियोजना निदेशक सेतु निगम सहित उद्योग बंधु एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें। 29-कुन्दरकी विधानसभा उप निर्वाचन के सफलतापूर्वक संपन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह ने कुन्दरकी विधानसभा क्षेत्रार्न्तगत मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय गोविन्दपुर खुर्द, पंचायत भवन ग्राम पंचायत दलपतपुर, प्राथमिक विद्यालय साहू नगला, प्राथमिक विद्यालय भैंसिया, उच्च प्राथमिक विद्यालय भैंसिया एवं प्राथमिक विद्यालय नियामतपुर इकरोटिया, कंपोजिट विद्यालय सिरसाखेडा, प्राथमिक विद्यालय नरखेडा सहित संविलियन विद्यालय वीरपुर थान इत्यादि में बने मतदान केन्द्र/बूथों को बारीकी से चैक कर आवश्यक व्यवस्थाओं को परखते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशानिर्देश दिए गये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा विद्यालयों में संचालित कक्षाओं में छात्र/छात्राओं से किताबों को भी पढ़वाकर देखा गया। उन्होंने शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर, नायब तहसीलदार, ग्राम प्रधान सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

# हाफिजगंज में चाचा-भतीजों में हुई मारपीट, बीचबचाव करने आई दादी की मौत

बरेली के हाफिजगंज क्षेत्र में चाचा-भतीजों में झगड़ा हो गया। घटना में दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए। घायल बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। बरेली के हाफिजगंज क्षेत्र में सोमवार को पुरानी रंजिश के चलते चाचा-भतीजे भिड़ गए। जमकर मारपीट हुई, जिससे हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को उपचार के लिए भेज दिया। उपचार के दौरान बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। गांव सुंदरी निवासी मिथलेश कुमारी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि सोमवार सुबह उसके पति हरपाल चारपाई पर लेटे थे। तभी पुरानी रंजिश के चलते



भतीजे कैलाश, वीरपाल, विनीत, अशोक ने उनके घर आए और हरपाल को लाठी-डंडों से पीटने लगे। उन्हें सास रामश्री बचाने आई तो उन्हें भी पीटा गया।घटना में हरपाल और उनकी मां रामश्री ( 80 वर्ष ) गंभीर घायल हो गईं। सूचना पर पुलिस ने दोनों घायल को उपचार को भेजकर उक्त लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। दूसरे पक्ष कैलाश ने भी रिपोर्ट दर्ज करवाई है। दूसरे पक्ष के कैलाश चंद्र और उसका भाई वीरपाल घायल हुआ है। बुधवार को उपचार के दौरान घायल रामश्री की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार ने बताया कि चाचा भतीजों में मारपीट हुई थी। दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मृतक महिला की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

# जनसुनवाई में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं, प्राप्त जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया । जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया



गया । महोदय द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के थाना प्रभारियों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई/महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो साथ ही सभी थाना प्रभारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें ।

# शिक्षक ने फ्लैट में घुसकर शिक्षिका व उसके पति पर किया जानलेवा हमला

मुरादाबाद सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में आकाश रेजीडेंसी अपार्टमेंट के फ्लैट में घुसकर एक शिक्षक ने शिक्षिका और उसके पति पर हमला कर दिया। आरोपी ने शीशे का गिलास तोड़कर महिला को लहूलुहान कर दिया। दंपती की चीख पुकार सुनकर आस पड़ोस के लोग आ गए और आरोपी की पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी राहुल कुमार विमल छुट्टी



के बाद दंत क्लीनिक भी चलाता है। थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के पीएसी तिराहा स्थित आकाश रेजीडेंसी अपार्टमेंट के फ्लैट में रहने वाली शिक्षिका ने सिविल लाइंस थाने में दी गई तहरीर में बताया कि वह कटघर क्षेत्र के भैंसिया स्थित प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत है। इसी स्कूल में मझोला के खुशहालपुर चौकी के पास रहने वाला राहुल कुमार विमल सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत है। आरोपी उसे पिछले दो साल से परेशान कर रहा है। महिला का कहना है कि वह सोमवार रात लगभग आठ बजे अपने पति के साथ फ्लैट में मौजूद थी। इसी दौरान वहां राहुल कुमार विमल पहुंच गया। उसने आते ही पति पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपी ने महिला को जान से मारने की कोशिश की। उसने फ्लैट में रखा शीशे का गिलास तोड़ कर हमला पर हमला कर दिया। जिसमें महिला घायल हो गई। पति-पत्नी की चीख पुकार सुनकर आस पड़ोस के फ्लैट में मौजूद लोग आ गए और उन्होंने आरोपी शिक्षक को पकड़ लिया। उसकी जमकर पिटाई की। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे हिरासत में ले लिया। जिसके बाद आरोपी को थाने ले गई। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# इंटर ब्रांच खेल प्रतियोगिताओं के दूसरे दिन बच्चों ने मचाया धमाल

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। पद्मावती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय स्पोर्ट्स डे के दूसरे दिन स्कूल की नबावगंज ब्रांच हैपी ट्रेल्स , मुख्य ब्रांच पद्मावती सीनियर सेकेंड्री स्कूल की कक्षा छः से आठ तक बालक और बालिका वर्ग के बीच मैथ्स रेस, बैलेंसिंग रेस, रिंग रेस, कलैक्शन रेस, ग्वावा रेस, 60 मीटर, 100मी और 200 मी स्प्रिंट रेस आदि प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं ।वहीं दूसरी ओर किंडर गार्टनमें हुई खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ चेयरमैन पारूष अरोरा ने फीता काटकर किया ।जिसमें शिफ्टिंग रिंग्स, कलैक्ट बॉल, पेस्ट्री रेस व अन्य रेसों में नन्हें-मुन्ने बच्चों ने उत्साह से बढ़ -चढ़कर सहभागिता की। इन सभी प्रतियोगिताओं के परिणाम कल बाल दिवस पर घोषित किए जाएंगे। ये प्रतियोगिताएं भागीरथी शर्मा, ज़ेबा खान, अवनीत चीमा , आकाश रस्तोगी विशाला पान्डे , जानवी गुप्ता के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुईं ।




# चौबारी मेला को लेकर रहेगा ट्रैफिक डायवर्जन मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को यातायात व्यवस्था की

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली। कार्तिक पूर्णिमा के चलते चौबारी में लगने वाले मेला मे दूर से दूर से लोग तीन चार दिन पहले से पहुंच जाते है और गंगास्नान वाले दिन लाखों की संख्या में लोग आते जाते हैं। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को यातायात व्यवस्था की दिक्कत न हो जिसके चलते एसपी ट्रैफिक ने गुरुवार की सुबह आठ बजे से शुक्रवार की रात दस बजे तक ट्रैफिक डायवर्ट किया है। जिसमे बड़े वाहनों के साथ रोडवेज बसों को दो दिन तक अलग रास्तों से निकाला जाएगा अगर आप भी चौदह से पंद्रह नवंबर को घर से बाहर निकल रहे है तो रुट डायवर्जन देखकर निकलें। बदांयू से बरेली की ओर आने वाले भारी वाहन/रोडवेज बस भमौरा,देवचरा चौराहा, दातागंज,फतेहगंज पूर्वी, फरीदपुर,बड़ा बाईपास होते हुये महानगर बरेली आयेगें। बदांयू की तरफ से लखनऊ व शाहजहाँपुर एवं पीलीभीत की तरफ जाने वाले वाहन/रोडवेज बस देवचरा चौराहे से दातागंज,फतेहगंज पूर्वी होते हुये बड़े बाईपास से अपने गनतव्य तक जाएंगे। पीलीभीत,नैनीताल की तरफ से बदांयू की ओर जाने वाले भारी वाहन/ रोडवेज बस बड़ा बाईपास, फरीदपुर,फतेहगंज पूर्वी,दातागंज, देवचरा चौराहा,भमौरा होते हुये बदांयू की ओर जाएंगे।

# राम -रावण दल में भयंकर युद्ध हुआ आखिर रावण मारा गया,जय श्री राम के नारों से गूंजा नगर

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। नगर में चल रही रामलीला में बुधवार को भगवान राम एवं लंकापति रावण दल में घोर युद्ध हुआ जिसमें पहले मेघनाथ ने लक्ष्मण मूर्छित कर दिया। सुजान वैद्य के बूटी का पूरा पहाड़ लक्ष्मण के प्राण खुशी की लहर युद्ध हुआ लंकापति कुम्भकरण, बेटे का भी प्रभु राम ने तो रावण के बेटे को शक्ति मारकर रामभक्त हनुमान ने बताने पर संजीवनी उठाकर ले आए और बचाए रामादल में दौड़ गई।फिर भयंकर रावण के भाई मेघनाथ,स्वंय रावण मार दिया।पूरे नगर में जय श्रीराम के जयघोषों से गुंजायमान हो उठा। जमकर आतिशबाजी हुई।मेघनाथ,कुम्भकरण,रावण के विशाल पुतलों को दहन किया गया। मेले में भारी इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि अमित गुप्ता,भगवतसरन साहू, धनपाल सिंह, रमेश वर्मा, राजीव उर्फ़ लवकुश साहू,सभासद कमलेश गंगवार, मनोज कश्यप, समाजसेवी दिनेश भास्कर, अनिल प्रजापति, हिमांशु गुप्ता, लोकेश कुमार गुप्ता सीओ नवाबगंज हर्ष मोदी,थानाध्यक्ष पवन कुमार सिंह, चौकी प्रभारी सौरभ यादव,सहित भारी पुलिस फ़ोर्स मौजूद रहा।



# रिठौरा में खाटूश्याम बाबा का जन्मदिन पर , भक्तों ने केक काटा, जमकर झूमे

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। नगर में पूर्व प्रधान नानकचंद गुप्ता,राजकुमारी गुप्ता के बेटे अनिल कुमार गुप्ता ने ठाकुरद्वारा मंदिर परिसर में खाटूश्याम बाबा के मंदिर का निर्माण करवाया।श्री गुप्ता ने बताया उनके सपने में बाबा ने दर्शन देकर नगर कल्याण के लिए उनके धाम को बनाने का आदेश दिया।तो यह बात उन्होंने अपनी धर्मनिष्ठ समाजसेवी पत्नी सर्वेश गुप्ता को बताई तो पत्नी बेटी ऋषभ उर्फ़ सैंकी गुप्ता, मोहित गुप्ता ने पिता को आए स्वप्न में बाबा के दिए आदेश का पालन करने के लिए मंदिर निर्माण करवाकर श्यामबाबा की भव्य प्रतिमा को स्थापित करवाकर पूरे नगर सहित दर्जनों गांवों के भक्तों को बुलाकर बाबा के दरबार का प्रसाद ग्रहण करवाया।और प्रत्येक माह जीवन पर्यन्त विशाल सत्संग करने का वचन लिया।आज दरबार में पति-पत्नी लगातार सेवाभाव से सेवा में जुटे रहते हैं। मंगलवार को बाबा का जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ केक काटकर मनाया गया।बाबा के भजनों पर भक्त देर रात तक झूमते रहे। बुधवार को प्रसाद वितरित किया गया।इस पुनीत कार्य में महन्त गुड्डु पाण्डेय, कमलेश गुप्ता, पूर्व सभासद राजेश कुमार गुप्ता, संजीव कुमार गुप्ता, सचिन, ब्रजेश,बीनू,रेखा गुप्ता, आदि का विशेष सहयोग रहा।



# बरेली मंडल का सबसे बड़ा ककोड़ा मेला, कमिश्नर ने किया मेला ककोड़ा स्थल का निरीक्षण

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली। मंडल के बदायूँ जिले में लगने बाला ककोड़ा गंगा मेले का आयुक्त बरेली मंडल बरेली सौम्या अग्रवाल ने जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव के साथ रूहेलखंड के मिनी कुंभ कहे जाने वाले मेला ककोड़ा स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आयुक्त ने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि मेला बरेली सौम्या अग्रवाल ने मेला ककोड़ा के लिए कहा। उन्होंने वॉच टावर की संख्या का मुआयना भी किया। उन्होंने कहा कि समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मेला ककोड़ा स्थल का निरीक्षण कर चुकी लिया गया है। उन्होंने बताया कि ककोडा 50 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं साथ मेला क्षेत्र में जिला पंचायत द्वारा 12 वॉच जल्द लगाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने जिलाधिकारी व अन्य पुलिस अधिकारियों वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने घुड़सवार पुलिस अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया व उपरांत जिलाधिकारी ने मेला क्षेत्र में लगाए महानिरीक्षक ने पुलिस अधिकारियों को नक्शे से की गई विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया व मेला ककोड़ा को प्लास्टिक मुक्त रूप से मनाने का प्रयास करने व्यवस्थित व सुरक्षित ढ़ंग से सम्पन्न कराएं। आयुक्त बरेली मंडल निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को हाई फ्लड लाइट लगाने के को बढ़ाने के लिए कहा। आयुक्त ने गंगा किनारे के मुख्य घाट गंगा घाट के किनारे जहां स्नान होता है वहां साफ-सफाई की जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने बताया कि वह गत दिनों भी हैं तथा विभिन्न की गई व्यवस्थाओं का जायजा भी उनके द्वारा मेला क्षेत्र में महिलाओं के लिए 20 चेंजिंग रूम बनाए गए हैं। ही 30 गोताखोरों की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने बताया कि टॉवर लगाए जाने हैं। अभी तक 09 लगाए गए हैं शेष 03 भी कहा कि मेले को सुरक्षित रूप से सम्पन्न कराया जाएगा। आयुक्त, ने नौकायन कर मेला क्षेत्र का जायजा लिया। जिलाधिकारी व के घोड़े पर सवार होकर मेला क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्थाओं व आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए वहीं कार्यक्रम गए योग शिविर का फीता काटकर उद्घाटन भी किया। पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में निर्देशित किया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक राकेश सिंह, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत मासूम रजा सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।






# बरातियों से भरी बस रजबहे में पलटी, कई घायल, 110 रुपये बचाने के चक्कर में दांव पर लगाई 38 जिंदगियां

सर्दी के पहले दिन पड़े कोहरे के कारण दौराला थानाक्षेत्र में बस रजबहे में पलट गई। बस में सवार 38 लोगों की सांसें अटक गईं। गनीमत रही कि लोग सुरक्षित बच गए। हालांकि कई बराती घायल हुए हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।मौसम में बदलाव के चलते सर्दी के पहले दिन पड़े कोहरे के कारण दौराला थानाक्षेत्र में बस हादसे का शिकार हो गई। यहां गंगा त्रयोदशी के दिन दिल्ली-दून हाईवे को जोड़ने वाले गंगानगर रजबहा मार्ग पर बुधवार सुबह बरातियों से भरी एक बस रजवाहे में पलट गई। चालक बागपत के दत्तनगर से बरात लेकर वापस लौट रहा था। बस के शीशे उखाड़कर निकाले घायल- हादसे के दौरान सवारियों में चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने बस के आगे और पीछे के शीशे उखाड़कर सवारियों को बाहर निकालते हुए पुलिस को सूचना दी। चालक बस छोड़कर मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने टोल एंबुलेंस और पुलिस वाहन से घायलों को मोदीपुरम के अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने मामूली रूप से घायल बरातियों को दूसरी बस में बैठाकर भिजवाया।बरात लेकर लौट रही थी बस-रुड़की के दौलतपुर गांव निवासी अरूणगिरी अपने बेटे लोकेश गिरी की बरात लेकर मंगलवार सायं बागपत के दत्तनगर गया था। बारात की रस्म अदायगी के बाद बुधवार सुबह बारात लेकर एक बस वापस लौट रही थी। इस दौरान बस चालक ने सिवाया टोल प्लाजा पर लगने वाले शुल्क 395 रुपये बचाने के लालच में बस को सिवाया गांव से गंगानगर रजवाहा पटरी से निकाल दिया। हाईवे के नजदीक पहुंचने पर कोहरे के चलते चालक अपना नियंत्रण खो बैठा। अनियंत्रित बस रजवाहे में पलट गई। हादसे के चलते बस में सवार 38 बरातियों में चीख पुकार मच गई। राहगीरों ने बस के आगे और पीछे के शीशे तोड़कर बस में सवार बरातियों को बाहर निकालते हुए पुलिस को सूचना दी। ये हुए घायल- मौके पर पहुंची पुलिस ने हादसे में घायल बारातियों दौलतपुर निवासी सोमवती, सोनूगिरी, विभोर, नितिन गिरी, सोनिका, हरिद्वार के खानपुर निवासी आकाश गिरी, अनिता गिरी, हरिद्वार के तुगलकपुर निवासी अर्जुन, अजयगिरी, देवीगिरी, अनमोल गिरी, मनोज गिरी, राधिका, वंश, जितेंद्र आदि को मोदीपुरम के फ्यूचर प्लस अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे में मामूली रूप से घायल दर्जनों बरातियों को रुड़की से पहुंची दूसरी बस में बैठाकर रवाना किया। चालक के 110 रुपये का टोल शुल्क बचाने के चलते हादसा हुआ। गमीनत रही की रजबहा सफाई के चलते सूखा हुआ था। रजवाहे में गंगा का पानी चालू होता तो बड़ा हादसा हो जाता और बस में सवार लगभग 38 बारातियो में से कई लोगों की जान चली जाती।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### सरकारी जमीनों पर बार-बार अवैध कब्जा करने वालों पर एफआईआर दर्ज कराने के दिये निर्देश जिला अधिकारी 9 रविंद्र कुमार

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली- जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में कर करेत्तर की समीक्षा करते हुये लक्ष्य के सापेक्ष वसूली करने, राजस्व वादों का समय से निस्तारण करने, विरासत दर्ज करने, सीएम डैशबोर्ड स्थिति में सुधार कराये जाने के निर्देश दिये गये तथा खाद्य एवं औषधि, दैवीय आपदा, रियल टाइम खतौनी आदि की भी समीक्षा की गयी तथा कृषक दुर्घटना बीमा योजना में लंबित प्रकरणों के निस्तारण आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। राजस्व की समीक्षा करते हुये जीएसटी में नम्बर ऑफ रजिस्ट्रेशन बढ़ाने, मण्डी समिति को वसूली करने अथवा आर0सी0 जारी करने के निर्देश दिये गये। बैठक में आर0सी0 की समीक्षा करते हुये पाया कि तहसीलवार वसूली में तहसील सदर, नवाबगंज व मीरगंज की वसूली कम है, जिस पर निर्देश दिये गये कि नायब तहसीलदारों को आर0सी0 हेतु नामित करें, जिससे पुरानी लम्बित आर0सी0 पर विशेष ध्यान देकर कार्य हो सके। पुराने बकायेदारों से वसूली की समीक्षा की गयी और निर्देश दिये गये कि प्रचार-प्रसार कराकर नीलामी का कार्य कराया जाये। विरासत दर्ज करने की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये गये कि समय सीमा के उपरांत आवेदन लम्बित ना रखें जायें, इसके साथ ही जिसका विगत तीन माह से किस लेखपाल के पास लम्बित आवेदन हैं उसकी सूचना देने के भी निर्देश दिये गये। बैठक में निर्देश दिये गये कि धारा-80 के प्राप्त आवेदनों में रिजेक्शन आधारभूत कारणों के आधार पर ही किया जाये। पूर्व में निर्देश दिये गये थे कि ऐसी सरकारी जमीनें जिनमें पूर्व में अवैध कब्जा हटवाये गये हों लेकिन पुनः कब्जा हो गया हो, ऐसी स्थिति में एफआईआर करायी जाये। उक्त की समीक्षा में पाया गया कि सरकारी जमीन पर पुनः अवैध कब्जा करने वालों पर पांच एफआईआर दर्ज हुई हैं। बैठक में सीमा स्तम्भ, स्वामित्व, विरासत, कृषक दुर्घटना बीमा योजना, राजस्व वाद, धारा-24, धारा-80, धारा-116, ई-ऑफिस आदि की समीक्षा करते हुये संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, नगर मजिस्ट्रेट राजीव कुमार शुक्ला सहित सम्बंधित विभाग के अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे ।।




### महाद्वाशी के पावन अवसर पर आज श्री हरि मंदिर में ध्वजारोहण हुआ

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली। पवन कार्तिक मास में महाद्वाशी के अवसर पर आज श्री हरि मंदिर में ध्वजारोहण का कार्यकम हुआ। सबसे पहले प्रातः 5-00 बजे महिला मंडल वा भक्तों द्वारा ठाकुर जी के चरणों में अपनी हाजरी भजनों वा आरती के माध्यम से दी। उसके पश्चात पंडित सुनील शास्त्री जी द्वारा कार्तिक की कथा सभी उपस्थित भक्तों को श्रवण कराई गई तत्पश्चात पंडित रमेश तिवारी जी द्वारा ध्वज का विधिवत पूजन कराया गया। मंदिर सचिव रवि छाबड़ा,सुशील अरोरा ने दीपक प्रवाजलित किया। पंडित रमेश तिवारी जी द्वारा पूजन कराया गया। तत्पश्चात मंदिर की प्राचीर पर ध्वज को रवि छाबड़ा द्वारा स्थापित किया। गया,उसके बाद सभी भक्तों ने और महिला मंडल द्वारा यह उत्सव ठाकुर जी के चरणों में बड़ी ही धूमधाम से मनाया तत्पश्चात कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद का वितरण हुआ आज के प्रसाद में हलवा,चाय व कढ़ी चावल का प्रसाद विस्तृत किया गया।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के तहत न्यूट्री सीरियल मिलेट्स के उपभोग के प्रति लोगों को जागरूक किया

क्यूँ न लिखूँ सच -नीरज कुमार

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के न्यूट्रीसीरियल घटक के अन्तर्गत मिलेट्स के उपभोग के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद स्तरीय मिलेट्स महोत्सव दो दिवसीय मेले का शुभारम्भ कृषि विज्ञान केन्द्र, रूरामल्लू (जालौन) में उप कृषि निदेशक एस0के0उत्तम की अध्यक्षता में किया गया। मेले में मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी एवं मा0 ब्लाक प्रमुख जालौन रामराजा निरंजन विशिष्ठ अतिथि रहे। अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र एवं अन्य सहयोगी वैज्ञानिक, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी उरई, भूमि संरक्षण अधिकारी रा0जला0 जालौन प्रथम तथा भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सूर्यनायक सहित अधिक संख्या में किसान उपस्थित हुये। कार्यक्रम के माध्यम से जनपद के कृषकों को मिलेट्स / पौष्टिक अनाज (ज्वार, बाजरा, कोदो, सावां, रागी/मडुआ आदि) की खेती, प्रसंस्करण एवं उपभोग को बढ़ावा देने हेतु प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में माननीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा मिलेटस के उपयोग से होने वाले लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये मिलेटस की खेती को बढ़ावा एवं मिलेटस से बने व्यंजनों का उपयोग अधिक से अधिक करने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार की अपेक्षा की गयी। अन्त में उप कृषि निदेशक ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कार्यक्रम का समापन किया




# मुख्य चिकित्सा अधिकारी जनपद जालौन ने अर्बन क्षेत्र उरई आंगनबाड़ी केंद्र पर आयोजित टीकाकरण का अनु श्रमण एवं पर्यवेक्षण किया

क्यूँ न लिखूँ सच -नीरज कुमार

उरई, आगनबाडी केन्द्र शक्ति कम्पनी कालपी बस स्टैण्ड के पास आयोजित टीकाकरण सत्र का अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण किया। सत्र स्थल पर मानक के अनुरूप लॉजिस्टिक उपलब्ध था। सत्र स्थल पर ए0एन0एम0 शशिवाला, आशा स्नेहलता तथा आंगबाडी रेखा वर्मा उपस्थित थीं। निरीक्षण के समय 05 गर्भवती एवं 14 बच्चों का टीकाकरण किया जा चुका था। समय 02=35 पर ब्लाक डकोर के ग्राम में चकजगदेवपुर के आंगनबाडी केन्द्र आयोजित टीकाकरण सत्र का अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण मुख्य चिकित्सा अधिकारी जनपद जालौन द्वारा डी0सी0पी0एम0 डा0 धर्मेन्द्र कुमार एवं अपर शोध अधिकारी आर0पी0 विश्वकर्मा, के साथ किया गया। सत्र स्थल पर ए0एन0एम0 रागनी सिंह तथा आशा विनीता, प्रेमलता तथा आंगनबाडी कमलेश कुमारी निरीक्षण के समय उपस्थित थीं। निरीक्षण के समय तक 03 गर्भवती महिलाओं एवं 09 बच्चों का टीकाकरण किया जा चुका था। सत्र स्थल पर मानक के अनुरूप लॉजिस्टिक उपलब्ध न होने एवं अगले सत्र में सुधार न होने पर ए0एन0एम0 रागनी सिंह को कार्यवाही की चेतावनी दी गई।




आप अपना किसी भी प्रकार का विज्ञापन प्रकाशित कराये जैसे नीलामी सूचना, बेदखली सूचना, क्रय विक्रय सूचना आदि, वो भी कम कीमत में संपर्क करे - 9077776991

## संक्षिप्त समाचार

### बिना परमिट सागौन पेड़ काटकर उठा ले गए लकड़ कट्टे

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद कुमार यादव

श्रावस्ती- श्रावस्ती। थाना क्षेत्र सिरसिया के अंतर्गत सोहेलवा रेंज में बिना परमिट के पेड़ों की कटान जारी है। लकड़ी माफियाओं के आगे सरकारी तंत्र लाचार दिख रहा है। थाना क्षेत्र सिरसिया में लकड़ी माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि बिना परमिट के सागौन काट करके ठिकाने लगा दे रहे हैं। बड़े पैमाने पर हुए कटान के बारे में जिम्मेदार अनजान बने रहे। लकड़ी माफियाओं ने सोहेलवा रेंज के अंतर्गत बालापुर गांव निवासी सुग्गे लोनिया व अमरेश यादव की बाग से सात पेड़ सागौन बिना परमिट काट कर उठा ले गए। जब इसकी जानकारी वन क्षेत्राधिकारी अनिमेष वर्मा से की गई तो उन्होंने बताया कि बालापुर में सागौन पेड़ के कटान की जानकारी नहीं है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएंगी।

### 14 व 15 नवंबर को खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल जिले के विभिन्न कार्यक्रम में होंगे शामिल

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिले के प्रभारी एवं खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल 14 नवंबर को जिले के विभिन्न कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। जिसके तहत धान खरीदी के शुभारंभ पर वो धान उपार्जन केंद्र देवनगर, कलेक्टर सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक और पश्चात तिलसिवा ऑडिटोरियम में प्रधानमंत्री आवास मेला में सम्मिलित होंगे। इसके साथ ही वो 15 नवंबर को नगरपालिका के सामने रंग मंच में आयोजित होने वाले जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंगे।



# भाजपा की संगठन को लेकर प्रक्रिया शुरू

क्यूँ न लिखूँ सच -नीरज कुमार

कोंच( जालौन ) भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक निर्वाचन की प्रक्रिया आरम्भ हो गई है इसी क्रम में कोच नगर चुनाव अधिकारी पूर्व जिलाध्यक्ष/पूर्व विधायक नरेंद्र पाल सिंह जादौन को नामित् किया गया है कोंच नगर के सात शक्तिकेन्द्र पर भी संगठन ने चुनाव अधि कारी नामित कर दिए गये है ।शक्तिकेन्द्र गांधी नगर में नगर उपाध्यक्ष दीपक मिश्रा, शक्तिकेन्द्र पटेल नगर में नगर महा मंत्री डॉ आशुतोष मिश्रा, शक्तिकेन्द्र आजाद नगर में चैयरमैन प्रदीप गुप्ता, शक्ति केन्द्र जयप्रकाश नगर में महेंद्र सोनी शक्ति केन्द्र जवाहर नगर में ओम प्रकाश कुशवाहा, शक्तिकेन्द्र मालवीय नगर में पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुनील शर्मा चुनाव अधिकारी नामित किये गए है और सभी शक्तिकेन्द्र चुनाव अधिकारी अपने शक्ति केन्द्र के बूथों पर सर्व प्रथम बूथ अध्यक्ष एवम बूथ समिति का निर्वाचन सम्पन्न कराएंगे इसके बाद नगर चुनाव अधिकारी नरेंद्र पाल सिंह जादौन नगर अध्यक्ष के पद हेतु निर्वाचन प्रकिया सम्पन्न कराएंगे इसके पूर्व नगर में सघन सदस्यता अभि यान चलाकर लगभग दस हजार प्राथमिक सदस्य एवम एक सो पेतीस सक्रिय सदस्य नगर सदस्यता प्रमुख /महामंत्री डॉ आशुतोष मिश्रा के नेतृत्व में बनाये गए भाजपा के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दिसम्बर माह में नए नगर अध्यक्ष की ताजपोशी हो सकती है

# यूपी: नेपाल सीमा पर बढ़ाई जाएगी सतर्कता, बॉर्डर से सटे पांच जिलों में स्थापित होगी एटीएस की यूनिट

नेपाल में कथित तौर पर होने वाली अपराधिक गतिविधियों पर निगाह रखने के लिए यूपी एटीएस की यूनिट पांच जिलों में स्थापित की जाएगी। प्रदेश के पांच संवेदनशील जिलों में आतंकवाद निरोधक दस्ता ( एटीएस ) की यूनिट स्थापित करने की तैयारी है। राज्य सरकार ने इसकी अनुमति प्रदान कर दी है, जिसके बाद आवश्यक संसाधन जुटाए जा रहे हैं। ये यूनिट पीलीभीत, मिर्जापुर, खीरी, सिद्धार्थनगर और मुरादाबाद में स्थापित की जानी हैं, जो कि नेपाल सीमा और सांप्रदायिक दृष्टि से खासे संवेदनशील हैं। बता दें कि वर्तमान में एटीएस की 18 यूनिट प्रदेश में कार्यरत हैं, जिसमें सहारनपुर की देवबंद की स्थापना बीते दिनों की गई है। राज्य सरकार एटीएस को विस्तार देने के लिए कई जिलों में कमांडो सेंटर के साथ यूनिट भी शुरू करने जा रही है। इससे आतंकी संगठनों के स्लीपिंग माड्यूल के साथ कट्टरपंथी विचारधारा वाले लोगों पर पैनी नजर रखी जा सकेगी। इस दौरान उच्च जोखिम वाले ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए अत्याधुनिक हथियारों और उपकरणों की खरीद का प्रस्ताव भी शासन भेजा गया है। जिसमें रडार सिस्टम, स्नाइपर राइफलें, पंप-एक्शन शॉटगन, नाइट-विजन ड्रोन कैमरे, नाइट वेपन साइट और थर्मल इमेजिंग स्नाइपर साइट आदि खरीदे जाने हैं।एटीएस को कर रहे मजबूत- राज्य सरकार ने तीन वर्ष पूर्व 12 जिलों में एटीएस के कमांडो सेंटर बनाने की घोषणा की थी, जिसकी प्रक्रिया जारी है। श्रावस्ती, बहराइच, मेरठ, अलीगढ़, ग्रेटर नोएडा ( जेवर एयरपोर्ट ), आजमगढ़ ( निकट एयरपोर्ट ), कानपुर, मिर्जापुर, सोनभद्र व देवबंद में एटीएस का कमांडो ट्रेनिंग सेंटर स्थापित किया जा रहा है। इसके अलावा वाराणसी और झांसी में एटीएस की यूनिट स्थापित करने की कवायद जारी है।




### तेज प्रताप सिंह संग मांगे पूर्वमंत्री हरिओम उपाध्याय ने वोट जिताने की अपील

क्यूँ न लिखूँ सच -नीरज कुमार

कोंच( जालौन ) जिले के पूर्व मंत्री और सपा के सीनियर नेता हरिओम उपाध्याय अपने कई पार्टी नेताओ के साथ करहल विधान सभा पहुंचे और उन्होंने सपा प्रत्याशी तेज प्रताप सिंह यादव के साथ रहकर कई गाँवो मे जाकर सायकिल चुनाव चिन्ह वाला वटन दबाकर भारी मतो से जिताये जाने की अपील की है पूर्व मंत्री हरिओम उपाध्याय ने बताया है की ब्राह्मण समाज सपा के साथ है और समाज के कई लोग सपा को जीत दिलाने के लिये लगे हूये है उन्होंने कहा की तेजप्रताप विधायक बनेंगे पूरे प्रदेश मे सपा की आंधी चलेगी इस अवसर पर सपा नेता प्रतिपाल सिंह गुर्जर सभासद माधव यादव नवेंदु उपाध्याय सहित कई सपा से जुड़े लोग मौजूद रहे



# उद्यमिता जागरूकता शिविर स्वावलंबन में नवीन औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के संबंध में दिया गया जानकारी

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर - शासकीय महाविद्यालय, रामानुजनगर में अध्ययनरत छात्र- छात्राओं को नवीन उद्योग स्थापना एवं स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रोत्साहन हेतु विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के लिए एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर स्वावलंबन का एवं उद्योग केन्द्र द्वारा किया गया, जिसमें शासकीय छात्राओं को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के संबंध में गया ।इस अवसर पर जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, छत्तीसगढ़ शासन की नवीन औद्योगिक विकास नीति और विभागीय सुविधाओं के संबंध में विस्तार से अग्रवाल द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, वस्तु एवं सेवा कर के अंतर्गत जानकारी दी गयी। योजनाओं का लाम लेकर स्वरोजगार स्थापना हेतु शिविर में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, सूरजपुर के श्री संजय लकड़ा तथा महाविद्यालय के सहायक छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अतिथि के प्राचार्य द्वारा आभार प्रदर्शन कर कार्यकम का आयोजन जिला प्रशासन के तत्वाधान में जिला व्यापार महाविद्यालय, रामानुजनगर के अध्ययनरत छात्र- प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना और नवीन जानकारी विभागीय अधिकारियों द्वारा विस्तार से दिया सूरजपुर के प्रबंधक श्री अवधेश कुमार कुशवाहा द्वारा 2024-30, नवीन उद्योग स्थापना, लायसेंसिंग प्रकिया जानकारी दिया गया। चार्टर्ड एकाउण्टेंट श्री हिमांशु प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना, आयकर एवं महाविद्यालय के प्राचार्य श्री रामकुमार साहू द्वारा छात्र-छात्राओं प्रोत्साहित किया गया ।इस स्वावलंबन प्रबंधक श्री शिवनाथ सिंह खुसराम, सहायक प्रबंधक, प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र- व्याख्याता श्री आशिष कुमार मेहर और महाविद्यालय संमापन किया गया ।




## भैयाथान के मंगल भवन में परियोजना स्तरीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका दिवस का किया गया आयोजन

सूरजपुर- शासन द्वारा घोषित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका दिवस के अंतर्गत भैयाथान के मंगल भवन में परियोजना स्तरीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका दिवस का आयोजन किया गया। भैयाथान परियोजना अंतर्गत कुल 13 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं 13 सहायकों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । उक्त अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री श्री राम सेवक पैकरा द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के समाज में महत्व पर प्रकाश डाला गया साथ ही कुपोषण तथा गांव में लोगों के समेकित विकास के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा किए गए कार्य की सराहना की गई तथा भविष्य में भी इसी प्रकार कार्य करने करते रहने प्रेरित किया गया। उक्त अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती दुर्गा संतोष सारथी द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का उत्साह वर्धन किया गया। मंडल अध्यक्ष श्री मार्तंड साहू द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को उक्त अवसर पर शुभकामनाएं दिया गया। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी भैयाथान, समस्त पर्यवेक्षक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं एवं सहायिकाएं उपस्थित थे।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड मध्य प्रदेश, दिल्ली, बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर, जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# विकास भवन शामली के सभागार में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत मेघा ऋण वितरण कैंप का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच

शामली विकास भवन, शामली के सभागार में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत मेगा ऋण वितरण कैम्प का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रुप में मा0 विधायक थानाभवन श्री अशरफ अली जी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों को बैंक क्रेडिट लिंकेज कराकर वित्त एवं पोषित कराया जाना। इस अवसर पर श्री प्रेम चन्द उपायुक्त स्वत: रोजगार द्वारा कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं बताया कि जनपद में 5,098 स्वयं सहायता समूह गठित है, जिनमें 50,662 महिलाए जुडी हुई हैं एवं विभिन्न प्रकार की आजीविका गतिविधियों कर रही हैं। आज के कार्यक्रम में 136 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 2,35,0000/- रु0 की धनराशि से बैंक क्रेडिट लिंकेज के माध्यम से वित्त एवं पोषित किया जा रहा हैं। इस अवसर पर श्री विनय कुमार तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अपने उद्बबोधन में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आजीविका बढ़ाने के लिए स्वेच्छा लगन एवं ईमानदारी से कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मा0 विधायक थानाभवन श्री अशरफ अली द्वारा महिलाओं की कहानी सुनकर महिलाओं को उत्साह वर्धन किया करते हुए कहा कि महिलाए समूह से जुडकर आत्म विश्वास से भरी हुई हैं एवं आगे बढने की इच्छा रखती हैं। अन्त में उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मुख्य अतिथि मा0 विधायक श्री अशरफ अली एवं श्री विनय कुमार तिवारी मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में श्री विनय कुमार तिवारी मुख्य विकास अधिकारी, श्री प्रेम चन्द (उपायुक्त स्वत: रोजगार), श्री ओम प्रकाश भालोटिया, अग्रणी जिला प्रबन्धक, पंजाब नैशनल बैंक शामली, विभिन्न शाखा प्रबन्धकों, श्रीमती ममता देवी, श्री पंकज कुमार जिला मिशन प्रबन्धक एवं ब्लॉक मिशन प्रबन्धकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।




# वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर-इंडिया के वन्यप्राणी विशेषज्ञ ने सूरजपुर, कोरिया, मनेन्द्रगढ़, सरगुजा वनमण्डल के अधिकारियों व कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- वनमण्डल सूरजपुर के सभा कक्ष में वनमण्डल सूरजपुर, कोरिया, मनेन्द्रगढ़, सरगुजा वनमण्डल के अधिकारियों व कर्मचारियों को वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर-इंडिया (डब्ल्यू.डब्ल्यू.एफ.) के वन्य प्राणी विशेषज्ञ श्री उपेन्द्र दुबे के द्वारा वन्य प्राणी बाघ एवं अन्य मांसाहारी वन्यप्राणियो के संबंध में वृहद रूप से प्रशिक्षण दिया गया। उनके रहवास एवं चिन्हांन करने के विधियों को समझाते हुये उनके शिकार करने की विधि एवं पहचान के विषय में विस्तृत रूप से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। तत्पश्चात् वन परिक्षेत्र सूरजपुर के कक्ष क्रमांक पी-1736 में जाकर श्रीमान् मुख्य वनसंरक्षक, सरगुजा वनवृत्त वनमण्डलाधिकारी सूरजपुर, वनमण्डलाधिकारी कोरिया के समक्ष समस्त उप वनमण्डलाधिकारी व उपस्थित वनकर्मचारियों को मौके पर प्रायोगिक तौर पर प्रशिक्षण प्रदान करते हुये वन्यप्राणीयों की निगरानी एवं उनके पहचान हेतु ट्रैप कैमरा लगाने की विधि व इस दौरान बरतने वाली सावधानियों को विस्तृत रूप से समझाया गया। मुख्य वनसंरक्षक सरगुजा वन वृत्त अम्बिकापुर के द्वारा भी मौके पर अधिकारियों/कर्मचारियों को वन्यप्राणी के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान किया गया। जिससे समस्त उपस्थित अधिकारी / कर्मचारीगण लाभान्वित हुये।



# कलेक्टर द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन एवं क्रेडा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक की गई

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर -कलेक्टर श्री एस जयवर्धन द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन एवं क्रेडा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर उन्होंने जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए हर घर जल सर्टिफिकेशन सुनिश्चित करवाने के दिए निर्देश। इस दौरान ईई लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री प्रदीप खलखो , ईई जलसंसाधन श्री सी बी ध्रुव और क्रेड़ा विभाग के अधिकारी सहित विभाग के अभियंता एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने दौरान टंकी निर्माण, पाइप लाइन विस्तारीकरण और बोरिंग की जानकारी लेते हुए मिशन के कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान मिशन की सफलता के लिए क्रियान्वित किए जा रहे कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं के सम्बन्ध में चर्चा की । इसके लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ समस्या का त्वरित निपटान के निर्देश दिए। इस दौरान ईई जलसंसाधन से पानी के विभिन्न स्त्रोतों के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जलजीवन मिशन के लिए जल आपूर्ति के लिए पानी की उपलब्धता के संबंध में चर्चा की। इसके अलावा जलजीवन मिशन अंतर्गत गांवों में क्रेड़ा विभाग से सौर ऊर्जा आधारित जलापूर्ति अवसंरचना निर्माण के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उन्होंने विभागों को निर्देशित करते हुए हर घर जल आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए हर घर जल सर्टिफिकेशन करवाने के दिए निर्देश।

# जिलाधिकारी द्वारा सीएम डैश बोर्ड पर दर्शाया गया डाटा के अनुसार लक्ष्य के समीक्षा प्रकृति के निर्देश दिए

क्यूँ न लिखूँ सच

शामली जिला अधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने यदि कोई कार्य अपने आप नहीं होता कार्य करने के लिए चलना पड़ता है खराब प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को जिलाधिकारी की हिदायत दीकलेक्ट्रेट के सभागार में जिलाधिकारी शामली श्री अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज सीएम डैश बोर्ड पर आधारित विकास कार्यों एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने विकास कार्यों एवं राजस्व कार्यों की विभाग वार समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को सीएम डैश बॉर्ड पर दर्शाया गया डाटा के अनुसार लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति के निर्देश दिये साथ ही जिन विभागों की प्रगति खराब मिली उन विभागों को कड़ी फटकार लगाते हुए प्रगति के निर्देश दिये। ताकि जनपद की रैंकिंग ठीक रहें। बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी को पंचायती राज विभाग, एनआरएलएम, बेसिक शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग व बड़ी परियोजनाओं का कार्य करने वाली कार्यदाई संस्था राजकीय निर्माण निगम, जल निगम नगर इकाई,एच.एस.सीसी की प्रगति धीमी पाई गई जिसके लिए प्रगति हेतु कड़े निर्देश दिए गये। इसी प्रकार बैठक में राजस्व कार्यो की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी द्वारा मण्डी, औषधि, खाद्य,आबकारी, जीएसटी विभाग की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया और प्रगति हेतु कड़े निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा विकास कार्यों और राजस्व कार्यों में खराब प्रदर्शन करने वाले विभागों की समीक्षा हेतु अपर जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी की दो सदस्य समिति गठित की गई है। बैठक में समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी द्वारा सभी विभागीय अधिकारियों को जनसुनवाई के दौरान आने वाले फरियादियों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए ताकि उन्हें बार-बार कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़े। उन्होंने निर्देशित किया कि दिए गए निर्देशों के अनुपालन में यदि किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती जाती है तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी,अपर जिलाधिकारी संतोष कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनिल कुमार,जिला विकास अधिकारी सत्य राम यादव, पीड़ी डीआरडीए प्रेम चन्द,जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी डॉ हरेंद्र सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारी व राजस्व विभाग की बैठक में सभी एसडीएम सहित समस्त संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र गोविंदपुर का किया निरीक्षण निगरानी के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने आज जिले में धान खरीदी की तैयारी को लेकर प्रतापपुर विकासखंड अंतर्गत गोविंदपुर धन खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया गया और केंद्र में किए गए समुचित व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने धान खरीदी को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी ना हो इसके लिए उन्होंने पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कहा है। उन्होंने जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में निर्धारित 34 बिंदुओं की चेकलिस्ट के अनुसार धान खरीदी हेतु सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने प्रतापपुर विकासखंड अंतर्गत विभिन्न ग्रामों के धान रकबा का सत्यापन कार्य भी किया। खरीदी केंद्र के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री जयवर्धन ने केंद्रों में किसानों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने निर्देशित किया है। साथ ही खरीदी के दौरान सतत निगरानी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी-बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। जिले में 54 धान खरीदी केंद्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की सभी आवश्यक तैयारियां प्रारंभिक तौर पर पूर्ण कर ली गई है। धान खरीदी में पारदर्शिता एवं निगरानी के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। यहां सीमावर्ती जिले से धान का परिवहन यहां ना हो, इसके लिए चेक पोस्ट बनाया गया है। चेक पोस्ट में तैनात कर्मचारी अन्य राज्य या अन्य जिले से आने वाले धान पर पैनी निगरानी रखेंगे।



# श्री राम मंदिर देवेंद्रनगर में एकादशी के उपलक्ष में रखे गए 7100 दिए

क्यूँ न लिखूँ सच -घनश्याम प्रसाद शर्मा

बीते वर्ष की तरह इस वर्ष भी देवेंद्र नगर श्री राम मंदिर में एकादशी के उपलक्ष में 7100 सौ दीपक रखे गए जो की केदारनाथ मंदिर की थीम पर बनाया गया जिसमें दीपक के द्वारा केदारनाथ मंदिर की छाया को चित्रित किया गया साथ ही साथ इस कार्य को करने में देवेंद्रनगर के छोटे-छोटे बच्चों एवं बेटियो ने अपना अमूल्य समय देकर इस कार्य को किया यह कार्य चार दिन की अथक मेहनत का नतीजा जो कि आज हम सभी इस कार्यक्रम के साक्षी बनने जा रहे हैं इसमें हजारों की संख्या में दर्शनार्थियों ने धर्म लाभ लिया जबकि पिछली बार हमने अयोध्या की तस्वीर दीपक के माध्यम से देखा



## संक्षिप्त समाचार

# शस्त्र सीमा बल, भिनगा में सैनिक सम्मेलन का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रेमचंद जायसवालस

श्रावस्ती- जनपद में रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी, कमान्डेंट 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, भिनगा की अध्यक्षता में वाहिनी मुख्यालय भिनगा में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का प्रारंभ सशस्त्र सीमा बल शीर्षक गीत के साथ हुआ, जिसके बाद कमांडेंट ने उपस्थित सभी अधिकारियों और जवानों का हार्दिक अभिनंदन किया और सम्मेलन की कार्यवाही में सबसे पहले कमांडेंट व द्वितीय कमान अधिकारी के द्वारा उप निरीक्षक (मंत्रालयिक) राकेश कुमार की निरीक्षक (मंत्रालयिक) के पद पर पदोन्नति की गई और इस महत्वपूर्ण अवसर पर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने राकेश कुमार को बधाई दी और उनके नए पद पर उत्कृष्ट कार्य करने की शुभकामनाएं दी। इसके बाद कमान्डेंट ने सीमा चौकियों से आए सीमा चौकी प्रभारियों और जवानों की समस्याओं को सुना और उनके निवारण के लिए निर्देश दिए। उन्होंने भारत-नेपाल सीमा पर ड्यूटी के दौरान सभी जवानों को सतर्क रहने, सीमा पार आने जाने वाले नागरिकों के पहचान पत्र की जाँच और वाहनों की सघनता से तलाशी करने के निर्देश दिए एवं सीमा पार आने जाने वाले नेपाली और भारतीय नागरिकों से विनम्रता और शालीनता का व्यवहार करने की सलाह दी। जवानों को बल में अनुशासन बनाए रखने, अपनी ड्यूटी को ईमानदारी से निभाने 62नीं दिती सारत सीमा बल, भिनगा 300 और सीमा पर सजग रहने के निर्देश दिए। इसके अलावा जवानों को स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन शारीरिक अभ्यास और खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। साइबर सुरक्षा के बारे में भी बताया गया एवं मोटा अनाज के खाने के फायदे बताये व उसको मेस में प्रयोग करने के लिए निर्देशित किया एवं सभी जवानो को नेपाली भाषा सीखने के बारे में भी बताया क्योंकि नेपाल सीमा पर ड्यूटी के दौरान नेपाली नागरिको से बात- चीत करने में सहायता मिलेगी। अंत में राष्ट्रगान एवं सूक्ष्म जलपान के साथ सैनिक सम्मेलन का समापन किया गया। इसके बाद जवान मेस में बड़ा खाना का आयोजन किया गया जिसमें सभी अधिकारियों व जवानों ने साथ बैठकर खाना खाया। इस मौके पर अमरेन्द्र कुमार वरुण द्वितीय कमान अधिकारी, पीयूष सिन्हा उप-कमान्डेंट, दीवान सिंह कार्की सहायक कमान्डेंट एवं केएच. नाबाचन्द्र सिंह सहायक कमांडेंट व सभी जवान उपस्थित रहे।

# पति पत्नी के बीच हुए विवाद में पति ने लगाई फांसी हुई मौत

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रेमचंद जायसवालस

श्रावस्ती- सब्जी लेने के बहाने निकला था घर से युवक चार बच्चों के सर से हटा पिता का साया श्रावस्ती। जनपद श्रावस्ती के थाना कोतवाली भिनगा क्षेत्र अंतर्गत खैरी मोड अंजली ट्रेडर्स पर उस समय लोगों की भीड़ लगी गई जब परिवार वालों के रोने चिल्लाने की आवाज लोगों ने सुनी। मामला खैरी मोड सुहेल दत्त नगर (रमना) क्षेत्र थाना कोतवाली भिनगा निवासी अंजली ट्रेडर्स दुकान मालिक सत्य प्रकाश उर्फ अलगू पुत्र सोहन लाल यादव उम्र करीब 40 वर्ष जो दुकान करता है। देर शाम दुकान बंद करके घर गया हुआ था। जहां पत्नी से कहा सुनी के बाद सब्जी लेने की बात कहकर अपनी ही दुकान में आकर फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। इसकी जानकारी जब परिवार को हुई तो परिवार में कोहराम मच गया और मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी जहां पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस भिनगा भेज दिया। परिजनों के मुताबिक मृतक सत्य प्रकाश यादव के मरने से अंजली 9 वर्ष, पल्लवी 5 वर्ष, विवेक 12 वर्ष, व दीपिका 15 वर्ष के सर से पिता का साया उठ गया। पिता के मरने से परिवार में मातम छाया हुआ है।

# बस की टक्कर से बाइक पर बैठे दो लोग हुए जखमी, एक की हुई मौत

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रेमचंद जायसवालस

श्रावस्ती- जनपद श्रावस्ती में भीषण सड़क हादसा थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रतिदिन जिले की सड़कों पर सड़क हादसे में मौत का मामला सामने आता रहता है। बीती रात थाना गिलौला क्षेत्र अंतर्गत मनिकौरा गांव निवासी महेश तिवारी जो अपनी मां व एक अन्य को साथ लेकर मिरचिहा गांव में नाना के घर भुरकी चुरा लेकर गया हुआ था। और देर शाम वापस लौटते समय नेशनल हाईवे 730 शुक्ला भट्ठा के पास तेज रफ्तार बस ने बाइक को जोरदार ठोकर मार दी। जिससे तीन लोग जख्मी हो गए। वही बस चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पाते हैं मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने सभी घायलों को सीएससी गिलौला लाया गया जिसमें महेश तिवारी की मां की मौत हो गई। जबकि दो लोगों की हालत को नाजुक होता देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें ट्रामा सेंटर बहराइच रेफर कर दिया। जबकि मौके पर पहुंची पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुड़ गई।

# Excessive screen time affects children's health, adopt some tips to reduce it

Children being lost in mobile and gadgets can reduce their physical activity and increase the risk of obesity and heart diseases. Therefore, it is important to limit screen time. Instead of this, some such activities should be done which keep children active and also improve their health. Let's know the tips to reduce screen time. In today's digital age, children have started spending more time in mobile and gadgets, due to which their physical activity has reduced. Not only this, the risk of obesity, laziness and heart-related diseases is also increasing in children due to spending more time in front of the screen. This type of lifestyle, which continues for a long time, has started having a very negative effect on the heart health of children. In such a situation, it has become very important to limit the screen time of children and get them to do fun fitness activities, so that they always remain fit and active and their heart also remains healthy. Here we are telling how you can control the screen time of your children. Ways to reduce children's screen time- Family dance party- Organise a dance party every week on children's favourite songs. This will keep children's bodies active and will also improve their heart health. Weekly outdoor scavenger hunt- Plan a scavenger hunt game around your house or in the park, in which children can run around searching for things. This will be a great exercise for their heart. Bike riding and skating- Go out with children for bike riding or skating. This will not only strengthen their heart, but will also keep them away from screens. Outdoor games like badminton and frisbee- Involve children in outdoor games like cricket, badminton, and frisbee. These games will keep children physically active. Gardening in the garden- Involve children in gardening, like watering the plants, pruning them a little or playing in the soil. This will give them light exercise, which will also be beneficial for the heart. Mini sports tournament- Organise a small sports tournament at home every month, in which children can play competitive games, like table tennis, football, or badminton. Focus on consuming low fat foods- Reduce the intake of deep fried foods, increase the intake of fruits and fresh green vegetables and reduce or eliminate the intake of bakery products. These activities will not only reduce the screen time of children, but will also keep them physically healthy and heart strong.




# Whether it is a light hunger in the evening or children's tiffin, these 5 tasty snacks are always perfect

The hunger in the evening often forces one to order something from the market. If you too often face this problem, then this article is for you. Actually, here we are going to tell you about 5 such snacks (Easy Evening Snacks) which can be easily included in children's tiffin, from satisfying light hunger. Let's know. People have a craving to eat something in the evening. You can make some tasty snacks with the help of simple ingredients. These snacks can be prepared easily in less time. Do your children also demand new dishes (Homemade Snacks) every day? On weekends, it is as if there should be a shower of delicious food! Being a mother is not that easy, is it? But don't worry, we have brought some such snacks for you which will not only be liked by your children, but will also fill your kitchen with fragrance. The special thing is that you can easily make these 5 snacks (Tasty Snacks For Kids) for light hunger in the evening or for children's tiffin. And what's more, these snacks will be liked not only by children but also by adults. Let's find out. Paneer Bhurji Sandwich - Paneer is a favorite food item of children and is rich in protein. Paneer Bhurji Sandwich is an easy and tasty snack that you can easily make and eat for breakfast or light hunger in the evening. It is also a great option for children's tiffin. You can make a nutritious and tasty sandwich by stuffing paneer bhurji between two breads. Potato Chips Everyone likes potato chips, right? But have you ever thought that you can make them at home too? Yes, you are reading it absolutely right! In just a few minutes, you can prepare delicious and crispy potato chips in your kitchen itself. These can also be a great snack for your children's weekend party. Sweet and sour dhokla is also a perfect snack for evening hunger and children's tiffin. You can also serve it to guests with a sweet or spicy twist. This super soft and spongy dhokla is not only easy to make but children also like it very much. Paneer Fingers- Are you also tired of potato fingers? Then definitely try paneer fingers once. Their taste is so unique and wonderful that you will become crazy about it after eating it once. This super tasty snack is not only amazing in taste but it also takes very little time to make. You can prepare it in just a few minutes. Be it a children's birthday party or with evening tea, it is a perfect snack to serve on every occasion. Potato Smiley- Many people buy frozen smileys for their children, but do you know that they can be made easily at home too? All you need is boiled potatoes, some basic spices and oil! With just these few things, you can make tasty and healthy smileys at home. Not only will the children like them, but you will also be very happy.



# Do you also feel sleepy during the day? If yes, then it can be a sign of this serious disease

Do you feel more sleepy during the day (Day Sleepiness) and do not feel any enthusiasm towards work? If yes, then you should be careful. According to a study, daytime sleepiness can be an early sign of dementia. However, apart from this, there can be many other reasons for this. Let us understand the connection between daytime sleepiness and dementia. Dementia is a type of brain disorder. Symptoms like weak be an early sign of dementia. Daytime sleepiness feel sleepy during the day due to many reasons, dementia? Yes, this has been revealed in a recent Dementia is a disorder in which a person's ability is due to damage to the brain cells. Alzheimer's between daytime sleepiness and dementia? - A daytime sleepiness can be a possible early feeling any enthusiasm about any work, all such risk (MCR). Detecting it early can play a very this alone is not a diagnosis of dementia. Many that this is a sign of dementia? Relationship with other symptoms like memory loss, language can be a sign of dementia. Slowly increasing and other everyday tasks are getting affected, other reasons for daytime sleepiness, such as lack attention to these reasons as well. What to do if are feeling more sleepy during the day and other Get a complete check- The doctor may do some lifestyle- You can keep your brain healthy by



memory, difficulty in language are seen in it. Daytime sleepiness can also is seen in many people. Whether it is fatigue, stress or bad routine, we but do you know that it can also be an early sign of a serious disease like study. Let's try to know more about this in depth. What is dementia? - to think, remember and make decisions gradually starts decreasing. This disease is the most common type of dementia. What is the connection recent research published in the Neurology Journal shows that excessive symptom of dementia. Daytime sleepiness, lack of interest in work, not symptoms can be early signs of dementia. This is called motor cognitive important role in preventing or protecting against dementia. However, other factors can also be responsible for this problem. How to understand other symptoms- If along with daytime sleepiness, you also experience problems, difficulty in decision making or personality changes, then it problem- If the problem of daytime sleepiness is increasing gradually then it can be a matter of concern. Finding other causes- There can be of sleep, depression, fatigue, side effects of medicines etc. Try to pay you show symptoms of a problem like MCR? Contact a doctor- If you symptoms of dementia are also visible, then contact a doctor immediately. tests based on your symptoms and medical history. Adopt a healthy taking regular exercise, balanced diet and getting enough sleep. Stress management- Stress can increase the risk of dementia. So, practice stress management techniques.

# Himansh Kohli's wedding took place in the temple, he showered love on the bride by kissing her on the forehead

Bollywood actor Himansh Kohli (Himansh Kohli wedding pictures) got married on 12 November. He got married in a temple in Delhi from where many of his pictures are going viral. The actor had not shared anything about his wife yet. Now finally her face has come out



in the pictures. Has dated Neha Kakkar - Himansh Kohli got married on 12 November Married in a temple in Delhi Bollywood actor Himansh Kohli has been in the news for his marriage for the last several days. Recently his mehndi pictures were revealed. Now finally his official photos have also come out. However, not much information has been revealed about Himansh's wife. But the wedding pictures have finally made her face public. According to rumors, this mystery woman is not from Bollywood and both lovers met through an arranged marriage proposal. Seen in pink coloured sherwani- Himansh is seen in a dark pink shade sherwani in these photos. Along with this, he is also wearing a matching pink coloured turban. In these wedding photos, the actor is seen showering love on his wife by kissing her forehead. Himansh Kohli's bride looks very beautiful in a golden and red coloured lehenga. She has completed her look by wearing a forehead band, gold necklace and matching bangles. Singer Tulsi Kumar also attended- Tulsi Kumar and Khushali Kumar also attended the actor's intimate wedding. An inside video of Kohli's pre-wedding ceremony has gone viral, in which Tulsi and Khushali are seen dancing with Himansh. Mehndi pictures went viral- Earlier, many pictures of the actor's mehndi ceremony went viral in which the actor was seen dancing merrily. During this, Himansh also got mehndi applied on his hands. The actor has HV written on his hands while 'H' stands for Himansh, 'V' is assumed to be the first letter of his wife's name. His close friends and family members attended the function. Has also dated Neha Kakkar - Himansh Kohli was previously in a relationship with singer Neha Kakkar. However, the couple separated in December 2018 after being together for almost a year. The couple made their relationship official on national television during Indian Idol 10. Neha then married Rohanpreet Singh. Rohanpreet is also a singer by profession.

# There was a lot of pushing and shoving in the Bigg Boss house, these two contestants clashed with each other

Bigg Boss Season 18 The controversial show of the small screen, Bigg Boss Season 18, is currently a topic of discussion. There is an atmosphere of tension between the contestants inside the show, which has now reached the point of scuffle. These two members of the Bigg



Boss 18 house have clashed with each other and are creating a ruckus by pushing and shoving. The atmosphere of Bigg Boss 18 got heated - these two contestants got into a fight with each other Avinash Mishra did a push and shoving Salman Khan's popular show Bigg Boss 18 remains in the limelight every day. Every day various types of news keep coming out about the contestants of the show. But this time something has happened in the house of Bigg Boss 18, which even Salman Khan might not like after coming back. Actually, two contestants of the show have clashed badly and a tremendous fight has been seen between the two. Along with pushing and shoving, there was a scuffle between them. The video of which is becoming increasingly viral on social media. Let us know who are those two contestants. Fierce fight between these two contestants- Recently, Digvijay Rathi has entered the house as a wild entry in Bigg Boss 18. It has been seen from the beginning that Rathi does not like Avinash Mishra at all and a lot of debate has also been seen between these two. But in the latest episode, the atmosphere of tension between these two has worsened and a fierce fight has been seen. Actually, a promo video of the latest episode of Bigg Boss Season 18 has been shared by Tele Chakkar on its official Instagram handle. In which Avinash and Rathi are seen entangled with each other. But the matter goes so far that both of them start pushing each other and the matter reaches to raising hands. However, during this, Avinash pushes Digvijay strongly, due to which he falls on the ground. However, other members of Bigg Boss 18 tried to calm down the fight between these two, but they did not listen to anyone. Especially Alice Kaushik intervened in this fight and tried her best to stop Avinash-Rathi, but she also failed. Salman Khan will teach a lesson - Salman Khan is not hosting Bigg Boss 18 since the last few Weekend Ka Vaar. But it is believed that he may return to the show next Saturday. If this happens, then Avinash Mishra and Digvijay Rathi will definitely be on Bhaijaan's target. Not only this, Salman can also teach them a lesson for this behavior.

# 'How to be a good husband...'When Kiran Rao gave a long list to Aamir Khan after divorce, he said- 'Did not ask me'

Despite the divorce of Aamir Khan and Kiran Rao, both have a very good relationship. He is often seen talking about it. Now in an interview, the actor has revealed that Kiran had sent him a list after the divorce on how to be a good husband? The actor said that Kiran never asked him how to be a good wife. Both have a son Azad Aamir and Kiran have separated - Actor talked about divorce Aamir Khan and Kiran Rao announced divorce in the year 2021. Both decided to end their marriage of 16 years. However, both are co-parenting their son Azad together. Despite the divorce, the relationship of friendship between the two remains intact. Even today, both share a good equation with each other and are also spotted together in many events. Now in an interview, Aamir told that the divorce did not affect the bond between him and Kiran. Aamir Khan talks too much- In this interview, Aamir Khan also told that Kiran Rao had given him a list after the divorce, which told how to be a good husband. After this, Aamir told the 11 points that Kiran had given him. One of those points was that Aamir does not give freedom of speech to other people. He talks too much. In an interview given to 'The Hollywood Reporter', Aamir told that if Kiran Rao had ever asked him how to be a good wife, he would have also given her a long list. Both are together as friends now- How good friends Aamir Khan and Kiran Rao are can be gauged from their latest film. Missing Ladies was produced by Kiran Rao while Aamir Khan was its director. Speaking on this, he had said, "Divorce did not affect our relationship. Be it professional or personal. Divorce is a word that means you are going away. We have separated from the relationship of husband and wife but we are not apart as human beings." The actor is going to make a comeback very soon with Sitare Zameen Par. Directed by R.S. Prasanna, Sitare Zameen Par was earlier scheduled to release on Christmas this year. However, it was then postponed to next year.

